प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक | केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in



भारत के ख़िलाफ़ ट्रंप की टिप्पणी-ईरान ने दिखाया आईना पेज- 2

पेज-6 संदिग्ध हालात में मजदूर की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

वर्ष : 15 अंक : 126 | सोमवार 27 अप्रैल 2026 | डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 08 मूल्य 5.00 रूपया

# मन की बात, प्रधानमंत्री मोदी बोले

## -जनगणना 2027 में प्रत्येक नागरिक की भागीदारी अत्यंत अहम है

(एजेंसी) नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि वर्तमान में जारी जनगणना केवल सरकार का काम नहीं है बल्कि यह सभी नागरिकों की जिम्मेदारी है तथा इसमें सभी की भागीदारी अहम है। मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात में अपने संबोधन में मोदी ने यह भी कहा कि जनगणना के दौरान लोगों द्वारा दी गई सभी जानकारी सुरक्षित और गोपनीय रहेगी। उन्होंने सभी नागरिकों से इस प्रक्रिया में भाग लेने और जनगणना 2027 को सफल बनाने की अपील की। उन्होंने कहा, साथियो, देश की जनगणना सिर्फ सरकारी काम नहीं है। यह हम सब की जिम्मेदारी है। आपकी भागीदारी बहुत जरूरी है। आपकी दी गई जानकारी पूरी तरह सुरक्षित रहती है, यह गोपनीय रखी जाती है, डिजिटल सुरक्षा के साथ इसे सुरक्षित किया जाता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जनगणना देश में जारी एक अत्यंत अहम अभियान है और प्रत्येक भारतीय को इसके बारे में जागरूक होना चाहिए।



उन्होंने यह भी कहा कि जनगणना का यह अभियान दुनिया की सबसे बड़ी जनगणना है। उन्होंने कहा, जनगणना 2027 को डिजिटल बनाया गया है। सारी जानकारी सीधे डिजिटल माध्यम में दर्ज हो रही है। मोदी ने कहा कि घर–घर जाने वाले कर्मचारियों के पास मोबाइल ऐप है और वे हर किसी से बात करके वहीं पर उसी मोबाइल ऐप में जानकारी दर्ज करेंगे। उन्होंने कहा, श्शसाथियो, इस बार जनगणना में आपकी भागीदारी भी आसान बनाई गई है, आप खुद भी अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं। कर्मचारी के आने से 15 दिन पहले आपके लिए सुविधा शुरू होगी। आप अपने समय के अनुसार जानकारी भर सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रक्रिया पूरी होने पर आपको एक विशेष आईडी मिलती है और ये आईडी आपके मोबाइल या ईमेल पर आती है। उन्होंने कहा, बाद में जब कर्मचारी आपके घर आता है, तो आप यही आईडी दिखाकर जानकारी की पुष्टि कर सकते हैं। मोदी ने कहा कि इससे दोबारा जानकारी देने की जरूरत नहीं पड़ती, समय भी बचता है और प्रक्रिया आसान हो जाती है। उन्होंने कहा कि जिन राज्यों में स्व–गणना का काम पूरा हो गया है, वहां गणना कर्मचारी द्वारा घरों के सूचीकरण का कार्य भी शुरू कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि अब तक लगभग एक करोड़ 20 लाख परिवारों का मकान सूचीकरण का कार्य पूरा भी हो चुका है। पीएम मोदी ने कहा कि जो पहले से इस तरह की प्रक्रिया से गुजरे हैं, इस बार जनगणना का उनका अनुभव अलग होने वाला है। उन्होंने कहा, आइए, हम सब मिलकर इस प्रक्रिया में भाग लें। जनगणना 2027 को सफल बनाएं।

# आम आदमी पार्टी सरकार को राघव चड्ढा के खिलाफ केस दर्ज करना चाहिए : पप्पू यादव

(एजेंसी) नई दिल्ली। बिहार के पूर्णिया से सांसद पप्पू यादव ने राघव चड्ढा और 6 अन्य सांसदों के आम आदमी पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल होने



पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार को राघव चड्ढा के खिलाफ केस दर्ज करना चाहिए और इन्हें जेल में डालना चाहिए। इसके साथ ही, पप्पू यादव ने भाजपा पर निशाना साधा। सांसद पप्पू यादव ने बात करते हुए कहा, भाजपा के बारे में हमेशा से यही मानना रहा है कि वे हैकिंग के जरिए चुनाव जीतती है। ईडी, सीबीआई और चुनाव आयोग के माध्यम से राजनीतिक पार्टियों और अपने विरोधियों को खत्म करती है। जहां तक राघव चड्ढा की बात है, उन्होंने चंदे पर चुनाव लड़ा था। वे लाखों के कपड़े पहनते हैं और लंदन में उनका घर है। इन लोगों ने पंजाब को लूटा है। अगर पंजाब में हमारी सरकार होती, तो अब तक हम इन्हें जेल में डाल चुके होते। उन्होंने आरोप लगाया कि पूरे देश की जनता को पैसे की बदौलत खरीदने के प्रयास किए जाते हैं। इस बार यह भी साबित हो गया है कि नीतीश कुमार के साथ भी धोखा हुआ और उन्हें तीन महीने के अंदर ही किनारे कर दिया गया। इसी तरह महाराष्ट्र का चुनाव शिंदे के नाम पर लड़ा गया था, लेकिन शिंदे को भी किनारे कर दिया गया। पप्पू यादव ने कहा कि अगली बार चंद्रबाबू नायडू का नंबर है। पप्पू यादव ने आगे कहा, केंद्र सरकार जिस तरीके से सभी राजनीतिक दलों को टारगेट कर रही है, ऐसे में सभी दलों और एनडीए की सहयोगी पार्टियों को भी संभल जाना चाहिए। आपस में लड़ने से कोई फायदा नहीं है। 2027 के पहले या 2027 में भाजपा को सरकार को गिरा देना चाहिए। भाजपा के पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह के एक बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए पप्पू यादव ने कहा, बृज भूषण सिंह कभी मुलायम सिंह यादव के करीब रहे हैं, तो कभी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के। अब, अगर योगी आदित्यनाथ उन्हें कोई अहमियत या सम्मान नहीं दे रहे हैं, तो यह सही नहीं है। हो सकता है कि गोरखपुर में योगी आदित्यनाथ का दबदबा हो, लेकिन बृज भूषण भी अपने इलाके में एक मजबूत हस्ती हैं।

# आतंकिस्तान का स्पेस मिशन: चीन ने लॉन्च किया पाकिस्तान का चौथा सैटेलाइट, छिपा है असली मकसद

(एजेंसी) बीजिंग। "आतंकिस्तान" की छवि से घिरे पाकिस्तान ने अब अंतरिक्ष में भी अपनी मौजूदगी बढ़ाने की कोशिश तेज कर दी है और इसमें उसका सबसे बड़ा सहारा बना है चीन। चीन ने पाकिस्तान का एक और सैटेलाइट लॉन्च कर दिया है, जिससे दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी और गहरी हो गई है। चीन ने उत्तरी शांक्शी प्रांत में स्थित ताइयुआन उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र से शनिवार रात एक पाकिस्तानी उपग्रह का प्रक्षेपण किया। चीन की सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ की खबर के अनुसार पीआरसी–ईओ3 नामक इस उपग्रह को रात 8.15 बजे (बीजिंग समयानुसार) लॉन्ग मार्च–7 रॉकेट के जरिये प्रक्षेपित किया गया और यह सफलतापूर्वक निर्धारित कक्षा में पहुंच गया। पिछले साल से अब तक चीन द्वारा प्रक्षेपित किया गया पाकिस्तान का यह चौथा उपग्रह है। चीन ने पिछले साल पाकिस्तान के तीन उपग्रह प्रक्षेपित किए थे। चीन पिछले कुछ वर्षों से पाकिस्तान के उपग्रह प्रक्षेपित कर रहा है। इसके अलावा चीन के अंतरिक्ष मिशन प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए चुने गए पाकिस्तान के दो अंतरिक्ष यात्री 24 अप्रैल को यहां पहुंचे थे। चीन की मानव अंतरिक्ष एजेंसी ने बताया कि पाकिस्तानी अंतरिक्ष यात्री शुक्रवार को बीजिंग स्थित चीन के अंतरिक्ष यात्री केंद्र पहुंचे, जहां वे अपने चीनी साथियों के साथ प्रशिक्षण में भाग लेंगे। आवश्यक प्रशिक्षण पूरा करने और आकलन में सफल होने के बाद, इनमें से एक अंतरिक्ष मिशन में पेलोड स्पेशलिस्ट के रूप में भाग लेगा। विशेषज्ञ मानते हैं कि इस तरह के सैटेलाइट केवल नागरिक उपयोग तक सीमित नहीं होते, बल्कि इनका इस्तेमाल निगरानी, सुरक्षा और सैन्य गतिविधियों में भी किया जा सकता है। ऐसे में चीन– पाकिस्तान का यह बढ़ता स्पेस सहयोग क्षेत्रीय संतुलन के लिए नई चुनौती के रूप में देखा जा रहा है।

# यूपी में सुरक्षा, सेवा और संकल्प का नया अध्याय, सीएम योगी ने आरक्षियों की दीक्षांत परेड का किया निरीक्षण

(एजेंसी) लखनऊ। लखनऊ के पुलिस परेड ग्राउंड, रिजर्व पुलिस लाइन्स में रविवार को एक ऐतिहासिक और भव्य आयोजन देखने को मिला, जब वर्ष 2025 बैच के 60,244 नागरिक पुलिस आरक्षियों का दीक्षांत परेड समारोह आयोजित किया गया। इस खास मौके पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं मौजूद रहे और परेड का निरीक्षण किया। यह कार्यक्रम देश में पहली बार इतने बड़े स्तर पर आयोजित हुआ, जहां एक साथ 60,244 आरक्षियों ने प्रशिक्षण पूरा करने के बाद आधिकारिक रूप से पुलिस बल में शामिल होने का संकल्प लिया। समारोह के दौरान मुख्यमंत्री ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षुओं को प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार भी वितरित किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भी अपनी भावना व्यक्त की। उन्होंने लिखा कि उत्तर प्रदेश की सुरक्षा, सेवा और संकल्प की परंपरा आज एक नए अध्याय में प्रवेश कर रही है। सीएम योगी ने आगे लिखा कि 60,244 आरक्षी (नागरिक पुलिस) सीधी भर्ती–2025 बैच के आरक्षी आज लखनऊ में आयोजित दीक्षांत परेड समारोह में कर्तव्य–पथ पर अग्रसर होने का संकल्प लेंगे। इस ऐतिहासिक अवसर पर परेड का निरीक्षण करते हुए उत्कृष्ट प्रशिक्षुओं को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान करने का गौरव प्राप्त होगा। दीक्षांत परेड समारोह (जिसे पासिंग आउट परेड भी कहा जाता है) पुलिस प्रशिक्षण का अंतिम और सबसे अहम चरण होता है। इसमें कठिन प्रशिक्षण पूरा करने वाले



नए पुलिस कांस्टेबलों को औपचारिक रूप से बल में शामिल किया जाता है। यह परेड न केवल अनुशासन का प्रदर्शन है, बल्कि यह वर्दी के प्रति सम्मान, जिम्मेदारी और कर्तव्य की शपथ का भी प्रतीक होती है। लखनऊ में आयोजित यह समारोह इसलिए भी खास रहा क्योंकि इतने बड़े पैमाने पर भर्ती हुए आरक्षियों ने एक साथ अपनी सेवा यात्रा की शुरुआत की। कार्यक्रम के दौरान पूरे परिसर में उत्साह और गर्व का माहौल देखने को मिला। इस आयोजन के साथ ही उत्तर प्रदेश पुलिस को बड़ी संख्या में नए जवान मिले हैं, जो आने वाले समय में राज्य की कानून–व्यवस्था को मजबूत बनाने में अहम योगदान देंगे।

# आसनसोल में कार्यकर्ता की हत्या पर राहुल गांधी भड़के, कहा,बंगाल में लोकतंत्र नहीं, टीएमसी का गुंडाराज चल रहा

(एजेंसी) नई दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पश्चिम बंगाल के आसनसोल में कांग्रेस के कार्यकर्ता देबदीप चटर्जी की चुनाव बाद हत्या पर कड़ी आलोचना की है। उन्होंने तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं पर देबदीप की हत्या के आरोप लगाए हैं। राहुल ने कहा कि पश्चिम बंगाल में आज लोकतंत्र नहीं, टीएमसी का गुंडाराज चल रहा है। राहुल गांधी ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, कांग्रेस के कार्यकर्ता देबदीप चटर्जी की चुनाव बाद टीएमसी से जुड़े गुंडों की ओर की गई हत्या बेहद निंदनीय है। कांग्रेस सांसद ने कार्यकर्ता देबदीप चटर्जी के परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने पोस्ट में आगे लिखा, पश्चिम बंगाल में आज लोकतंत्र नहीं, टीएमसी का गुंडाराज चल रहा है। वोट के बाद विरोधी आवाजों को डराना, मारना, मिटाना, यही टीएमसी का चरित्र बन चुका है। कांग्रेस की राजनीति कभी हिंसा पर नहीं टिकी, और न कभी टिकेगी। हमने भी अपने कार्यकर्ता खोए हैं, फिर भी हमने हमेशा अहिंसा और संविधान का रास्ता चुना है। यही हमारी विरासत है, यही हमारा संकल्प। इसके साथ ही, उन्होंने परिवार को पूर्ण सुरक्षा और मुआवजा देने की मांग की। उन्होंने पोस्ट में लिखा, ष्मांग स्पष्ट है– सभी दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी हो, कठोरतम सजा मिले और देबदीप के परिवार को पूर्ण सुरक्षा व मुआवजा सुनिश्चित किया जाए। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने एक्स पोस्ट में यह भी कहा कि भारत की अहिंसक परंपरा को कलंकित करने वाली इस राजनीति के सामने झुकेंगे नहीं। न्याय होकर रहेगा। इससे पहले, कांग्रेस की पश्चिम बंगाल इकाई ने आरोप लगाया कि देबदीप पर सत्ताधारी दल तृणमूल कांग्रेस से जुड़े बदमाशों ने हमला किया और उसे बेरहमी से पीटा, जिसके कुछ ही समय बाद चोटों के कारण उसकी मृत्यु हो गई। कांग्रेस की राज्य इकाई के अनुसार, देबदीप चटर्जी को



आसनसोल उत्तर से कांग्रेस उम्मीदवार प्रसेनजीत पुइतांडी के साथ मिलकर काम करने के लिए जाना जाता था। पार्टी ने कहा, यह दुखद घटना राज्य में कानून–व्यवस्था के पूरी तरह से ध्वस्त होने को उजागर करती है और पश्चिम बंगाल में विपक्षी कार्यकर्ताओं की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े करती है। यह तथ्य कि मतदान के तुरंत बाद ऐसी हिंसा हुई है, राजनीतिक धमकियों और बदले की भावना के एक बेहद परेशान करने वाले पैटर्न को दर्शाता है।

# गुजरात स्थानीय निकाय चुनाव, गृहमंत्री अमित शाह और बेटे जय शाह ने परिवार के साथ किया मतदान

(एजेंसी) अहमदाबाद। गुजरात के स्थानीय निकाय चुनावों के लिए 10,005 में से 9,263 सीटों पर रविवार सुबह 7 बजे से कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्वक मतदान प्रक्रिया चल रही है। इसी बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपने गृहनगर पहुंचकर मतदान किया। अमित शाह अपने बेटे और आईसीसी अध्यक्ष जय शाह समेत परिवार के अन्य सदस्यों के साथ अहमदाबाद के नारायणपुरा स्थित उपक्षेत्रीय कार्यालय के बूथ नंबर 38 पर पहुंचे और अपना वोट डाला। गृहमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, गुजरात में चल रहे नगर निकाय चुनावों के तहत अहमदाबाद नगर निगम चुनाव में अपना वोट डाला। सभी क्षेत्रवासी लोकतंत्र के इस पर्व में अधिक से अधिक संख्या में मतदान करें। वहीं, सूरत में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल ने 89 वर्षीय मां और परिवार के साथ भातर स्थित उत्तर गुजरात विद्यालय में मतदान किया। वोट डालने के बाद केंद्रीय मंत्री ने कहा, गुजरात में आज स्थानीय निकाय चुनाव हो रहे हैं। मैंने अपने परिवार के साथ वोट डाला। मेरी मां ने भी मतदान में भाग लिया। मतदान करना एक अधिकार और कर्तव्य दोनों है। राज्य मंत्रिमंडल मंत्री अर्जुन मोढवाडिया ने अपने परिवार के साथ पोरबंदर जिले के अपने पैतृक गांव मोढवाडा में मतदान किया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को मतदाताओं से ही शक्ति मिलती है। चुनाव में भाग लेना एक नागरिक कर्तव्य है। उन्होंने कहा, "गांवों और शहरों के विकास में स्थानीय स्वशासन संस्थाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। नागरिकों को बड़ी संख्या में मतदान करना चाहिए।" राज्यभर में नगर निगम अधिकारियों के मतदान में भाग लेने के दौरान राजकोट नगर आयुक्त तुषार सुमेरा ने भी अपने परिवार के साथ शहर के एक मतदान केंद्र पर अपना मत डाला। बरवाला में नगर पालिका, तालुका पंचायत, और जिला पंचायत सीटों के लिए मतदान जारी है। यहां स्वामीनारायण मंदिर के संतों ने भी मतदान किया। मोरबी में भाजपा विधायक दुर्लभजीभाई देथरिया ने मतदान किया। इस चुनाव में पूरे गुजरात की 393 स्वशासनिक संस्थाएं (15 नगर निगम, 84 नगरपालिकाएं, 34 जिला पंचायतें और 260 तालुका पंचायतें) शामिल हैं, जो इसे एक महत्वपूर्ण लोकतांत्रिक प्रक्रिया बनाती है। 4.18 करोड़ से अधिक मतदाता हैं और लगभग 50,000 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। कुल 9,992 स्थानीय प्रतिनिधियों का चुनाव हो रहा है। नाम वापस लेने के बाद 20,000 से अधिक उम्मीदवार मैदान में हैं, जबकि कई उम्मीदवार पहले ही निर्विरोध निर्वाचित हो चुके हैं। यह चुनाव बहुकोणीय है, जिसमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), कांग्रेस, आम आदमी पार्टी (आप) और निर्दलीय उम्मीदवार पूरे राज्य में चुनाव लड़ रहे हैं।



भाजपा वर्तमान में अहमदाबाद, सूरत, वडोदरा और राजकोट के नगर निगमों पर नियंत्रण रखती है, जो सभी राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण हैं और व्यापक चुनावी परिदृश्य को प्रभावित करने की उम्मीद है। यह चुनाव इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए संशोधित आरक्षण नियमों के तहत हो रहा है, जिसमें 27 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया गया है। इन परिवर्तनों के लिए कई जिलों में व्यापक परिसीमन और वार्ड पुनर्गठन की आवश्यकता पड़ी। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और महिलाओं के लिए मौजूदा आरक्षण के साथ, इन सुधारों से गुजरात भर में स्थानीय प्रशासन निकायों को नया रूप देने की उम्मीद है। अन्ना हजारे ने की सख्त दलबदल विरोधी कानून की वकालत, 7 श्आपश सांसदों के भाजपा में जाने पर बोले– जनता को सोचना होगा अहिल्यानगर। सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने आम आदमी पार्टी के 7 सांसदों के दल बदलने पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि लोग अपने निजी स्वार्थ के आधार पर एक पार्टी से दूसरी पार्टी में चले जाते हैं। इसलिए, एक सख्त दलबदल विरोधी कानून बनाया जाना चाहिए। अन्ना हजारे ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा, संविधान में कहीं भी पार्टियों और पक्षों का कोई जिक्र नहीं है। संविधान हमेशा समाज और राष्ट्र के कल्याण पर ही केंद्रित रहता है। आज समाज में विवाद और टकराव राजनीतिक पार्टियों की वजह से ही बढ़ रहे हैं। लोग अपने निजी स्वार्थ के आधार पर एक पार्टी से दूसरी पार्टी में चले जाते हैं। जहां उन्हें अपना फायदा दिखता है, वे वहीं चले जाते हैं। इसलिए, एक सख्त दलबदल विरोधी कानून बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर ऐसा कोई कानून (दलबदल विरोधी कानून) लागू हो जाता है, तो इस तरह की गलतियां नहीं होंगी। अन्ना हजारे ने यह भी कहा कि सांसदों के दल बदलने पर कुछ नहीं कह सकता हूं, लेकिन जनता को सोचना होगा। अन्ना हजारे ने मतदाताओं को राजा बताया। उन्होंने कहा, मतदाता ही सर्वोपरि हैं और यह उन्हीं पर निर्भर करता है कि वे किसे वोट दें, सही व्यक्ति को या गलत व्यक्ति को। अगर मतदाता सोच–समझकर निर्णय लेते हैं, तो सभी दलों और गुटों में व्याप्त अनियमितताओं को सुधारा जा सकता है। सत्ता से पैसा और पैसे से वापस सत्ता पाने का एक दुष्चक्र लगातार चल रहा है। यही इन गलत कामों की मूल वजह है। गौरतलब है कि राघव चड्ढा और हरभजन सिंह समेत 7 राज्यसभा सांसदों ने दो दिन पहले आम आदमी पार्टी को बड़ा झटका दिया। राघव चड्ढा और आम आदमी पार्टी के अन्य शीर्ष नेताओं के बीच टकराव की स्थिति कई दिनों से बनी हुई थी। आम आदमी पार्टी में फूट सार्वजनिक रूप से तब सामने आई, जब राघव चड्ढा, अशोक मित्तल और संदीप पाठक ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में पार्टी छोड़ने का ऐलान किया। उन्होंने शुक्रवार को आम आदमी पार्टी से इस्तीफा देकर भाजपा ज्वाइन करने की घोषणा की। इसके साथ ही, राघव चड्ढा ने हरभजन समेत 4 अन्य सांसदों के नाम भी बताए, जो आम आदमी पार्टी छोड़ी। प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद राघव चड्ढा, अशोक मित्तल और संदीप पाठक ने भाजपा कार्यालय पहुंचकर आधिकारिक तौर पर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने उन्हें सदस्यता दिलाई। इसके साथ ही, उन्होंने चार अन्य राज्यसभा सांसद हरभजन सिंह, स्वाति मालीवाल, विक्रम साहनी और राजिंदर गुप्ता का पार्टी में स्वागत किया।

# ताज की खूबसूरती देख मंत्रमुग्ध हुए न्यूजीलैंड के मंत्री, पीयूष गोयल संग खिंचवाई तस्वीरें

(एजेंसी) आगरा। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और न्यूजीलैंड के वाणिज्य मंत्री टॉड मैक्ले ने रविवार सुबह अपनी पत्नियों के साथ ताजमहल के दीदार किए। दोनों मंत्री करीब दो घंटे ताजमहल में रहे और गाइड नितिन सिंह से इसके इतिहास की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने तस्वीरें भी खिंचवाईं। गोयल ने बताया कि मैक्ले और उनकी पत्नी ताजमहल देखने के इच्छुक थे। उन्होंने कहा कि सोमवार को भारत और न्यूजीलैंड के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौता होगा, जो आने वाले महीनों में दोनों देशों के बीच व्यापार को बढ़ावा देने का माध्यम बनेगा। गोयल ने कहा कि समझौते के तहत भारत से बिना टैक्स के सामान न्यूजीलैंड भेजा जा सकेगा और इससे आगरा के चमड़ा कारोबार समेत विभिन्न उद्योगों को फायदा होगा।

# सम्पादकीय

## बंगाल में भारी मतदान-बदलाव या फिर डर!

पश्चिम बंगाल के चुनावी इतिहास में बीते गुरुवार का दिन खास बन गया। मै नफीस जाफरी आपको यहां यह बता दूं कि विधानसभा चुनाव के पहले चरण में राज्य की कुल 294 सीटों में से 152 सीटों पर ऐसी जबरदस्त वोटिंग हुई कि पुराने सभी रिकॉर्ड टूट गए। रात 10 बजे तक बंगाल में 92.66 फीसदी मतदान दर्ज किया गया। भारी गर्मी के बावजूद मतदाताओं, खासकर महिलाओं की लंबी कतारें लोकतंत्र के प्रति उत्साह की गवाही देती रहीं। मालूम हो कि पश्चिम बंगाल में पहले चरण में ही बंपर वोटिंग ने सभी को चौंका दिया है। 92.66 फीसदी मतदान ने पिछले सारे रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिए हैं। हर किसी के जहन में ये सवाल है कि क्या बंगाल में सरकार बदलने वाली है? हालांकि ये तो 4 मई को वोटों की गिनती के बाद ही साफ हो सकेगा। लेकिन सबसे



नफीस जाफरी

पहले ये समझना जरूरी है कि ऐतिहासिक मतदान की वजह क्या है। आखिर हर बार की तुलना में इस बार वोटिंग प्रतिशत कैसे बढ़ गया? यहां यह बताते चलें कि आमतौर से ज्यादा वोटिंग प्रतिशत को आमतौर पर सत्ता–विरोधी लहर का संकेत माना जाता है। अब बंगाल भाजपा खेमा कह रहा है कि इस बार बदलाव के लिए वोटिंग हुई है। लोगों का असंतोष फूट पड़ा है। दूसरा मत ये भी है कि ये कहानी दो गुटों की है। टीएमसी खेमा कह रहा है कि एसआईआर की वजह से वोटर्स की संख्या में भारी कमी से बेसलाइन कम हो गई है, जिसकी वजह से वोटर्स का आंकड़ा ज्यादा हो सकता है। बंगाल में लगभग 90 लाख मतदाता मतदाता घट गए हैं इसलिए, वोटर बेसलाइन कम हो गई और वोटिंग प्रतिशत बढ़ गया है। और भाजपा की कड़ी टक्कर से टीएमसी के वोटर्स में असुरक्षा की भावना पैदा हो गई है। टीएमसी के लिए यह अस्तित्व की लड़ाई है। इसीलिए टीएमसी के मतदाताओं ने भारी संख्या में मतदान किया। भाजपा और टीएमसी दोनों का आंतरिक आकलन है कि अगले चरण (29 अप्रैल) में भी मतदान का पहले चरण का यह हाई परसेंटेज ऐसे ही बरकरार रहेगा। ज्यादा वोटिंग से मतदाताओं के व्यवहार की दिशा का स्पष्ट संकेत मिलता है। या तो भाजपा या टीएमसी को स्पष्ट बहुमत मिलेगा. त्रिशंकु विधानसभा की कोई संभावना नहीं है। यह किसी से छिपा नहीं है कि ममता बनर्जी एक जुझारू नेता हैं, उनको संघर्ष पसंद है। वह दूसरे चरण के चुनाव में भी पूरी ताकत से उतरेंगी। दूसरा चरण टीएमसी फ्रेंडली दक्षिण बंगाल में ज्यादा प्रभावी है। उत्तर बंगाल भाजपा का गढ़ है। राजबंगशी,कामतापुरी,गोरखालैंड का मुद्दा भी था, लेकिन दक्षिण बंगाल में दीदी का प्रभाव ज्यादा है। लेकिन भाजपा का मानना है कि बंगाल का अभिजात वर्ग, भद्रलोक समुदाय, निराश है और वे सत्ताधारी सरकार के खिलाफ वोट देंगे। शिक्षा घोटाला और आरजी कर रेप जैसे मामले टीएमसी के खिलाफ काम करेंगे। भाजपा का मानना है कि इस बार उनकी बदली हुई रणनीति की वजह से भी भारी मतदान हुआ है। पहले, यह मुख्य रूप से जय श्री राम–हिंदुत्ता का मुद्दा था, लेकिन इस बार भाजपा का अभियान नए बंगाल के लिए वोट पर आधारित है। हम परिवर्तन चाहते हैं। कोई गुंडागर्दी नहीं, कोई आतंक का राज नहीं, हम अधिक रोजगार देंगे, उद्योग लाएंगे। 29 तारीख को कोलकाता में होने वाला चुनाव इन्हीं मुद्दों पर आधारित होगा। मतदान प्रतिशत इतना ज्यादा क्यों? इस पर भाजपा का मानना है कि इसकी वजह कुछ और है। इस बार चुनाव आयोग ने हिंसा के प्रति ज़ीरो टॉलरेंस नीति अपनाई है, पहले चरण में एक भी बम विस्फोट नहीं हुआ, कोई हत्या नहीं हुई, कोई घायल नहीं हुआ, इसीलिए लोगों ने निडर होकर मतदान किया। वहीं टीएमसी का मानना है कि मालदा और मुर्शिदाबाद में मुसलमानों ने टीएमसी को भारी संख्या में वोट दिया क्योंकि वे असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। ज्यादा मतदान की वजह यही है।

# भारत के ख़िलाफ़ ट्रंप की टिप्पणी-ईरान ने दिखाया आईना



गुलफिशा खान

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एक बार फिर अपने बयानों और सोशल मीडिया पोस्ट के कारण अंतरराष्ट्रीय विवादों के केंद्र में हैं। इस बार ट्रंप ने भारत जैसी उभरती शक्ति के खिलाफ नरक शब्द का इस्तेमाल कर एक ऐसी लक्ष्मण रेखा लांघ दी है, जिसने भारत के साथ–साथ अमेरिका के भीतर भी गुस्से की लहर पैदा कर दी है। ट्रंप ने एक विवादास्पद पॉडकास्ट को रीपोस्ट किया जिसमें भारत और चीन जैसे देशों को नरक बताया गया था। इस गलती ने ट्रंप के लिए कूटनीतिक और राजनीतिक मोर्चे पर मुश्किलें खड़ी कर दी हैं और वे अब चारों तरफ से घिरते नजर आ रहे हैं। भारत के प्रति इस अपमानजनक टिप्पणी ने उन दावों पर सवालिया निशान लगा दिया है, जिनमें ट्रंप खुद को भारत का सच्चा दोस्त बताते रहे हैं। अमेरिका में भारतीय प्रवासियों और नेताओं ने इसे ट्रंप की घोर अज्ञानता बताया है। कैलिफोर्निया से भारतीय मूल के सांसद एमी बेरा ने ट्रंप को कड़ा जवाब देते हुए कहा कि यह टिप्पणी उस पद की गरिमा के खिलाफ है जिस पर ट्रंप बैठे हैं। उन्होंने साफ किया कि प्रवासियों ने अमेरिका को कमजोर नहीं बल्कि और अधिक शक्तिशाली बनाया है। विदित हो कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप नस्लवादी और एंटी–इंडिया पोस्ट करके विवादों में घिर गए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कट्टरपंथी अमेरिकी लेखक और



कमेंटेटर माइकल सैवेज के 3 हते पुराने वीडियो का टेक्स्ट पोस्ट किया है, जिसमें भारत और चीन जैसे देशों को हेल होल या नरक बताया गया है। भारत के विदेश मंत्रालय की ओर से इसपर आपत्ति जताने के बाद अब ईरान ने भी ट्रंप को आईना दिखाया है। उनसे कहा है कि कभी आप भारत आकर देखो, फिर बोलना। अमेरिका में जन्म के आधार पर नागरिकता मिलने के कानूनों से जुड़े इस पोस्ट में भारत और चीन को नरक बताया गया था। अब मुंबई में ईरान के महावाणिज्य दूतावास ने महाराष्ट्र की समृद्ध सांस्:तिक और भौगोलिक विरासत का एक वीडियो शेयर किया और कहा कि ट्रंप को सांस्:तिक डिटॉक्स की आवश्यकता है। डिटॉक्स का मतलब अपने अंदर से जहर (यहां भारत को लेकर गलत भावनाएं) निकालने से है। ईरान वाणिज्य दूतावास ने पोस्ट में लिखा, शायद किसी को मिस्टर ट्रंप के लिए एक सांस्:तिक डिटॉक्स ट्रीप बुक करना चाहिए, इससे हो सकता है कि उनकी बेतरतीब बकवास कम हो जाए. कभी इंडिया आ के देखो, फिर बोलना। वहीं भारत ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के इस सोशल मीडिया पोस्ट को ''अज्ञानतापूर्ण'' और ''अनुचित'' बताया है। वैसे अमेरिकी दूतावास ने इन टिप्पणियों से हुए नुकसान की भरपाई करने की कोशिश करते हुए एक मैसेज जारी किया जिसमें कहा गया कि ट्रंप का मानना है कि भारत एक 'महान' देश है जिसका नेतृत्व 'उनके एक अच्छे मित्र' कर रहे हैं। लेकिन भारत का जवाब बाकी था। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, ''हमने टिप्पणियां देखी हैं, साथ ही इसके जवाब में अमेरिकी दूतावास द्वारा जारी किया गया बयान भी देखा है। उन्होंने कहा, ''ये टिप्पणियां स्पष्ट रूप से अज्ञानतापूर्ण, अनुचित और अभद्र हैं। ये निश्चित रूप से भारत–अमेरिका संबंधों की वास्तविकता को नहीं दिखाते हैं, जो लंबे समय से आपसी सम्मान और साझा हितों पर आधारित रहे हैं।

# केजरीवाल को हो गया था बग़ावत का अंदेशा, लेकिन........



फरीद वारसी

आम आदमी पार्टी के 7 राज्य सभा सांसदों के भाजपा में शामिल होने का असर केवल पंजाब में ही नहीं, बल्कि राज्य सभा में भी होगा। जैसे ही राज्य सभा के सभापति आम आदमी पार्टी के 7 सांसदों के गुट को भाजपा में विलय को मंजूरी देंगे, इससे भाजपा के सांसदों की संख्या वर्तमान 106 से बढ़ कर 113 हो जाएगी। इस तरह भाजपा अपने बूते राज्य सभा में बहुमत के जादुई आंकड़े से केवल 10 दूर रह जाएगी। वर्तमान में राज्य सभा की संख्या 244 है और बहुमत का आंकड़ा 123 है। वहीं, सहयोगी दलों के साथ वह दो–तिहाई बहुमत के करीब पहुंच जाएगी। इस साल जून और नवंबर में होने वाले राज्य सभा चुनावों में भी पार्टी की ताकत बढ़ने की संभावना है। इस तरह भाजपा अपने बूते ही इस साल के अंत तक बहुमत के आंकड़े के बेहद नजदीक पहुंचने जा रही है। मई में 23, जबकि नवंबर में 11 सीटें खाली हो रही हैं। इन 34 सीटों में से भाजपा और उसके सहयोगी दल कम से कम 20 सीटें जीत सकते हैं। वहीं, सहयोगी दलों के साथ एनडीए पहले ही बहुमत पा चुकी है। अभी उसके सहयोगियों के पास 28 सांसद हैं। आम आदमी पार्टी के 7 सांसदों को मिला कर एनडीए की संख्या भी बढ़ कर 149 के पार हो जाएगी। इनमें 7 मनोनीत और 2 निर्दलीय सांसदों का समर्थन भी शामिल है। इस तरह एनडीए राज्य सभा में बहुमत हासिल कर चुका है। राज्य सभा में दो–तिहाई बहुमत का आंकड़ा 163 है। ऐसे में एनडीए दो–तिहाई बहुमत से केवल 13 ही दूर रह गया है। दूसरी ओर यह विपक्ष के लिए बड़ा झटका है। हाल ही में महिला आरक्षण लागू करने के लिए लाए गए संविधान के 131वें संशोधन विधेयक को सरकार लोक सभा में पारित नहीं कर सकी थी। इसके विरोध में 230 वोट पड़े थे जो विपक्षी एकता का सबूत है। लेकिन अब हालात बदल जाएंगे। लोक सभा में चाहे सरकार को दो–तिहाई बहुमत पाने में परेशानी हो। लेकिन राज्य सभा में वह इसके काफी नजदीक पहुंच गए हैं। यहां यह ध्यान देने की बात है कि वाईएसआर कांग्रेस के लोक सभा के चार और राज्य सभा में सात सांसद हैं, जो करीब–करीब हर मुद्दे पर सरकार का साथ देते आए हैं। वे महिला आरक्षण पर संविधान संशोधन विधेयक पर भी सरकार के साथ रहे। तो वहीं दूसरी ओर आम आदमी पार्टी को यह बड़ा झटका लगा है। अभी तक राज्य सभा में 10 सांसदों के साथ वह भाजपा, कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस के बाद चौथे नंबर पर थी। चौथी सबसे बड़ी पार्टी होने के नाते उसके सांसदों को बोलने के लिए अधिक समय मिलता था। लेकिन 7 सांसदों के टूटने से अब उसकी संख्या घट कर केवल 3 रह जाएगी। अमूमन सर्वदलीय बैठकों में भी सरकार की ओर से निमंत्रण संख्या बल के आधार पर मिलता है। कई बार पांच से कम सदस्य संख्या वाली पार्टियों को नहीं बुलाया गया। हालांकि, लोक सभा में आम आदमी पार्टी के तीन सांसद हैं और ऐसे में उसके संसदीय दल में अब भी 6 सांसद हैं। संसदीय समितियों में भी आम आदमी पार्टी का प्रतिनिधित्व घटेगा और विपक्ष की बैठकों में भी उसकी आवाज कमजोर पड़ेगी। सूत्रों के मुताबिक, बगावत की आहट अरविंद केजरीवाल को पहले मिल भी थी। उन्होंने बुधवार को ही नाराज सांसदों को फोन कर अगले कुछ दिनों में मिलने के लिए बुलाया था। उनसे शुक्रवार को मिलने की बात कही गई थी। केजरीवाल को शुक्रवार शाम तक इन नाराज सांसदों से मिलकर बात करनी थी लेकिन इससे पहले कि वो ऐसा कर बाते इन सांसदों ने आप छोड़ने का ऐलान कर दिया। बताया जा रहा है कि केजरीवाल ने इन सांसदों से ये भी कहा था कि यदि किसी तरह का दबाव है तो वे सभी इस्तीफा दे सकते हैं। ऐसा करने पर उन्हें पार्टी की



तरफ से भविष्य में उन्हें दोबारा राज्यसभा में मौका दिया जाएगा। हालांकि, अंदरखाने यह लगभग तय हो चुका था कि ये सांसद भाजपा में शामिल होने वाले हैं। वहीं इस पूरे घटनाक्रम के केंद्र में राघव चड्ढा बताए जा रहे हैं, जिन्हें हाल ही में राज्यसभा में पार्टी के उपनेता पद से हटाया गया था। इसी के बाद उन्होंने तेजी से अन्य सांसदों से संपर्क साधना शुरू किया और समर्थन जुटाया। बागी सांसदों में संगठन से उभरकर आए नेता जैसे संदीप पाठक और स्वाति मालीवाल के साथ–साथ कारोबारी पृष्ठभूमि वाले नाम अशोक मित्तल, विक्रमजीत साहनी और राजेंद्र गुप्ता भी शामिल हैं। पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह, जो राजनीति में अपेक्षा.त कम सक्रिय रहे, उन्होंने भी इस गुट का साथ दिया। पंजाब के सीएम भगवंत मान ने भी प्रेस कॉन्रेंस में कहा कि, जब उन्होंने हरभजन को फ़ोन किया तो उन्होंने कॉल नहीं उठाया.। त्र बताते हैं कि यह "ऑपरेशन" पिछले दो हतों से चल रहा था, लेकिन चड्ढा को पद से हटाए जाने के बाद इसमें तेजी आ गई। पहले यह योजना बाद के महीनों के लिए थी, लेकिन हालिया घटनाओं ने इसे समय से पहले अंजाम तक पहुंचा दिया। दिलचस्प बात यह है कि जिस दिन यह सियासी हलचल तेज हुई, उसी दिन केजरीवाल अपने नए सरकारी आवास में शिट हुए। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि आप के इन बागी नेताओं का इस्तेमाल भाजपा खासतौर पर पंजाब में आप सरकार को घेरने के लिए कर सकती है, जहां अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। आम आदमी पार्टी ने इन सांसदो को गद्दार भी कहा है और पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट कर कहा कि, इन संसदों ने पंजाब की जनता को धोखा दिया है। इस बीच राज्यसभा में पार्टी के नेता संजय सिंह ने कहा है कि वह राज्यसभा के स्पीकर को पत्र लिखकर राघव चड्ढा, संदीप पाठक और अशोक मित्तल को अयोग्य करने की मांग करेंगे। जबकि कहा जा रहा है कि भाजपा आलाकमान से सिग्नल मिलते ही राघव चड्ढा ने संदीप पाठक और अशोक मित्तल के साथ पहले राज्यसभा के सभापति को पत्र सौंपा, मीडिया के सामने आए और फिर भाजपा अध्यक्ष से मुलाकात की। दिल्ली में होकर भी विक्रमजीत साहनी घर पर रुके रहे। राजेंद्र गुप्ता की इलाज के लिए विदेश में हैं। स्वाति मालीवाल पूर्वोत्तर भ्रमण पर गई हैं और हरभजन आईपीएल में व्यस्त हैं। बहरहाल, राज्यसभा में अपनी ताक़त बढ़ाने के अलावा भाजपा इन सांसदों का इस्तेमाल पंजाब की भगवंत मान सरकार को घेरने और अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधने के लिए करेगी। कयास यह लगाए जा रहे हैं कि सात सांसदों के गुट में से एक वरिष्ठ नेता को मोदी मंत्रिमंडल में जगह मिल सकती है।

# राजनीति में क्यों लांघी जा रही भाषा की मर्यादा

रोहित कौशिक

हाल ही में 5 राज्यों के विधानसभा चुनावों में जुबानी तीर भी खूब चले। जुबानी तीर जब भाषा की मर्यादा लांघ जाएं तो राजनेताओं को यह सोचने की जरूरत है कि हम किस दिशा में जा रहे हैं। देश और दुनिया में पिछले 10 साल से राजनीति का स्तर गिरता जा रहा है। लगातार भाषा की मर्यादाएं लांघी जा रही हैं। हाल ही में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने तमिलनाडु में प्रधानमंत्री को कथित तौर पर आतंकवादी कहा। हालांकि बाद में उन्होंने सफाई देते हुए कहा था कि प्रधानमंत्री मोदी लोगों और राजनीतिक पाध्टयों को डरा रहे हैं। मैंने कभी नहीं कहा कि वे आतंकवादी हैं। ई.डी., आयकर विभाग और सी.बी.आई. छापेमारी कर रहे हैं। चुनाव आयोग ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। भारतीय जनता पार्टी ने प्रधानमंत्री को आतंकी कहने के मामले में चुनाव आयोग से खरगे की शिकायत की थी। इसके बाद महाराष्ट्र के मंत्री नीतिश राणे ने कहा कि इस देश में सिर्फ एक आतंकवादी है और वो है राहुल गांधी, जो पाकिस्तान की भाषा बोलता है। इसके साथ ही एक चुनावी रैली में गृहमंत्री अमित शाह ने भी ममता बनर्जी के लिए गलत लहजे में बात की। अगर हम पिछले 4–5 महीने के राजनेताओं के वक्तव्यों पर गौर करेंगे तो गंदी भाषा के अनेक उदाहरण सामने आ जाएंगे। सार्वजनिक जगहों पर यह गंदी भाषा वे लोग बोल रहे हैं, जो अपनी अपनी पार्टी में या फिर सरकार में जिम्मेदार पदों पर हैं। सवाल यह है कि क्या गंदी भाषा के बिना राजनीति नहीं हो सकती? मल्लिकार्जुन खरगे एक वरिष्ठ राजनेता हैं और देश की सबसे पुरानी पार्टी के अध्यक्ष हैं। क्या उन्हें प्रधानमंत्री को आतंकवादी कहना शोभा देता है? इस मुद्दे पर कांग्रेस के समर्थक यह कह सकते हैं कि भाजपा के लोग सोनिया गांधी और राहुल गांधी के बारे में अक्सर गंदी भाषा का इस्तेमाल करते रहते हैं। पं. नेहरू को भी बदनाम करने का कोई मौका नहीं छोड़ते। इसलिए अगर खरगे ने प्रधानमंत्री के बारे में गलत शब्द बोल दिया तो क्या हो गया। तो क्या इस आधार पर मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा प्रधानमंत्री को आतंकवादी कहना उचित है? निश्चित रूप से नहीं। अगर दूसरों के संस्कार ठीक नहीं, तो क्या हमें भी अपने संस्कार उन जैसे ही कर लेने चाहिएं? निश्चित रूप से पं. नेहरू, सोनिया गांधी और राहुल गांधी के बारे में आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया जाता है। दूसरी तरफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबंध में भी आपत्तिजनक भाषा बरती जाती है। कई बार कांग्रेस भी भाजपा को स्वयं ही एक मुद्दा पकड़ा देती है और भाजपा कई दिनों तक उस पर उछल–कूद करती रहती है। सवाल यह नहीं कि किस राजनीतिक दल के नेता ने कब किस प्रकार की अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल किया, सवाल यह है कि अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल किया ही क्यों गया? इस दौर में राजनेता जोश और अतिरेक में आकर राजनीति की मूल भावना को तिलांजलि दे रहे हैं। राजनीति अपनी ठसक या हनक दिखाने का माध्यम बना दी गई है। राजनेताओं को यह समझना चाहिए कि राजनीति में अहंकार का कोई स्थान नहीं होता लेकिन इस दौर की राजनीति में राजनेताओं में अहंकार बढ़ता जा रहा है। यहां बात भाजपा, कांग्रेस या फिर किसी एक दल की नहीं, सभी राजनेताओं के संस्कार की है। तो क्या आज की राजनीति संस्कारहीन हो गई है? कुछ भी हो, राजनेताओं को भाषा की मर्यादा का ख्याल तो रखना ही चाहिए। तभी वरिष्ठ राजनेता नई पीढ़ी के राजनेताओं को राजनीति का सही पाठ पढ़ा और राजनीतिक शुचिता को भी महत्व दे पाएंगे। राजनीति में स्वयं को ईमानदार और दूसरों को पापी साबित करने की प्रवृत्ति बढ़ रही है, जो राजनीति के मूल चरित्र को कठघरे में खड़ा कर रही है। इस दौर में मुद्दों पर बात कम हो गई है और व्यक्तिगत बातों पर ज्यादा ध्यान केन्द्रित किया जा रहा है। इस सारी प्रक्रिया में सबसे दुखद यह है कि धीरे–धीरे राजनीति में नफरत की भावना बढ़ती जा रही है। इस दौर में साम्प्रदायिक राजनीति को ही असली राजनीति समझ लिया गया है। यही कारण है कि धर्म के नाम पर राजनीति में इंसानियत खत्म होती जा रही है। राजनीति के इस नकारात्मक भाव के लिए आम जनता में भी कोई हलचल या गुस्सा नहीं है। आम जनता ने इसे ही अपनी नियति समझ लिया है, बल्कि कई बार तो आम जनता राजनीति की बदलती धारा में स्वयं ही शामिल हो जाती है। यही कारण है कि इस दौर में मूल समस्याओं के लिए होने वाले आन्दोलन कमजोर हो गए हैं। कुछ कुटिल राजनेता और समाज के कुछ ठेकेदार मिलकर एक ऐसा वातावरण बना रहे हैं जिससे समाज के विभिन्न वर्गों और धर्मों के लोगों के बीच आपसी विश्वास कम हुआ है। सवाल यह है कि राजनीति की यह बदलती प्रवृत्ति क्या भविष्य में हमें अंधकार की तरफ धकेल रही है? ऐसे ही अनेक प्रश्नों पर गंभीरता के साथ ड्क्षचतन का समय अब आ गया है।

# सम्राट चौधरी की तेजस्वी यादव को खरी-खरी



शबाब हुसैन

बिहार के नए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी लरो टेस्ट में पास हो गए हैं। उन्होंने विधानसभा में ध्वनि मत से विश्वास मत हासिल कर लिया है। विधानसभा में संख्या बल को देखते हुए पहले से ही वोटिंग की संभावना कम ही थी। हुआ भी कुछ ऐसा ही। इस दौरान सदन में विपक्ष को जमकर सुनाया। उन्होंने कहा कि 20 वर्षों से बिहार में राजग की सरकार है, यहां सुशासन स्थापित करने का काम नीतीश कुमार ने किया। राज्य में सरकारी नौकरियों की बहार आई, महिलाओं के उत्थान का काम किया गया, साइकिल योजना चला कर छोटी बहनों को स्कूल तक पहुंचाने का काम किया गया। हमारे नेता नीतीश जी चाहते हैं कि बिहार समृद्ध हो। जिस तरह नीतीश जी ने ट्रिपल सी पर समझौता नहीं किया आगे भी किसी कीमत पर कोई समझौता नहीं होगा। इसी के साथ बिहार के नए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि लालू यादव ने मिलर स्कूल के मैदान में मुझसे माफी मांगी थी, कहा था कि मुझसे गलती हुई है। चौधरी ने कहा– लालू यादव को भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बनाया, यह जानकारी आपको होना चाहिए। मेरी राजनीति में अगर लालू यादव का अत्याचार नहीं होता तो मैं बिहार का मुख्यमंत्री नहीं बनता। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने विधानसभा में तेजस्वी यादव को सुनाते हुए ये बातें कहीं। दरअसल, बिहार के नए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की सरकार के लोर टेस्ट के लिए सदन में विशेष बैठक बुलाई गई थी। सदन की कार्यवाही शुरू होने के बाद नेपा प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी बधाई दी। इसके बाद नीतीश कुमार और भाजपा पर निशाना साधा। इस पर मुख्यमंत्री चौधरी ने पलटवार किया। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि कोई किसी की पाठशाला से नहीं होता नहीं, यह लोकतंत्र है। यह भारतीय जनता पार्टी है, जिसने मुझे नेता प्रतिपक्ष बनाए और प्रदेश अध्यक्ष बनाया। दो–दो बार उप मुख्यमंत्री बनाया और आज मुख्यमंत्री बनाया है। कभी गलतफहमी मत रहिएगा, पूरी पार्टी एक है। 1995 में माइनर था, लेकिन मुझे जेल में रखा गया। लोअर कोर्ट में लड़ा, हाई कोर्ट में लड़ा और सुप्रीम



कोर्ट में लड़ा, हर जगह से जीत कर यहां बैठा हूं। मजाकिया लहजे में मुख्यमंत्री चौधरी ने तेजस्वी यादव से कहा कि आप डिग्री में पीछे छूट गए। मुख्यमंत्री ने कहा– 1994 में समता पार्टी बनी, नीतीश जी को मुख्यमंत्री बनाना था, मेरे पिताजी पार्टी के संस्थापक सदस्य थे। लेकिन, लालू जी ने मुझे और मेरे परिवार के 22 सदस्य को जेल में भेज दिया। कोई किसी के पाठशाला से नहीं होता, मेरी राजनीति में अगर लालू जी का अत्याचार नहीं होता तो मैं आज बिहार की राजनीति में नहीं होता। लोग एफिडेविट और हाफिडेविट पर चर्चा कर रहे हैं, यह कोई विषय है क्या। आज से 27 साल पहले मैं मंत्री बना था। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार को कोई नहीं हटा सकता। नीतीश कुमार को न राजनीति से और न ही दिल से कोई हटा सकता है। वे इच्छाशक्ति वाले नेता हैं। उनकी इच्छा से ही मैं मुख्यमंत्री बना हूं। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा– एक करोड़ लोगों को सरकारी नौकरी देने का वादा किया है। इस वादे पर काम करना है। पिछले 2 साल में बिहार में 1,36,000 करोड़ रुपये का प्राइवेट निवेश कराया गया है। अगले 1 साल में बिहार की जनता को प्राइवेट निवेश के क्षेत्र में लगभग 5 लाख करोड़ रुपये का निवेश मिले, इस पर भी काम किया करेंगे। स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी ऐसी व्यवस्था करनी है कि अगर, जिले में किसी को इलाज की जरूरत पड़े, तो वह दो–तीन दिन तक वहीं रहकर इलाज करा सके। उच्च शिक्षा को बढ़ाने के लिए सभी प्रखंडों में एक–एक डिग्री कॉलेज खोला जाएगा। अब तक बिहार सरकार 208 डिग्री कॉलेज बना चुकी है, जल्द ही सभी डिग्री कॉलेजों को एक साथ चालू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कोसी अब अभिशाप नहीं, बल्कि धीरे–धीरे वरदान बन रही है। बिहार में लगातार एयरपोर्ट बनाने का काम चल रहा है। पूर्णिया और दरभंगा एयरपोर्ट चालू हो गया है। किशनगंज, फारबिसगंज और सहरसा में भी एयरपोर्ट की योजना है। वीरपुर एयरपोर्ट के लिए टेंडर निकल चुका है। तेजस्वी यादव ने कहा कि अच्छी चीजों में हम समर्थन देंगे, यह अच्छी बात है। हम भी चाहेंगे और देखेंगे कि उनका समर्थन मिले।

# पुलिस लाइन में भव्य दीक्षांत परेड सम्पन्न, नए प्रहरियों ने ली राष्ट्र सेवा की शपथ

## - मंडलायुक्तआजमगढ़ विवेक कुमार ने ली परेड की सलामी
## - 60244 आरक्षी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत प्रशिक्षित रिक्रूटों के शामिल होने से सशक्तहुई पुलिस
## - अनुशासन, दक्षता और तकनीक से लैस नए रक्षक जनसेवा के लिए समर्पित

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। जनपद में कुल 481 रिक्रूट आरक्षियों द्वारा दीक्षान्त परेड में राष्ट्र सेवा की शपथ ली। जनपद के रिजर्व पुलिस लाइन्स के परेड ग्राउण्ड पर रविवार को आरक्षी पुलिस सीधी भर्ती वर्ष 2025–26 बैच के प्रशिक्षु आरक्षियों का आधारभूत प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भव्य दीक्षांत परेड समारोह का आयोजन किया गया। इस गौरवमयी अवसर पर मुख्य अतिथि मंडलायुक्त आजमगढ विवेक कुमार द्वारा परेड की सलामी ली गई और मान–प्रणाम ग्रहण किया गया। दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि मंडलायुक्त आजमगढ़ विवेक कुमार ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधान में प्रशिक्षु आरक्षियों का आह्वान करते हुए कहा कि पुलिस बल की वर्दी केवल एक पोशाक नहीं, बल्कि समाज के भरोसे और सुरक्षा का प्रतीक है। उन्होंने कठिन प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर हर्ष व्यक्त किया और कहा कि निष्पक्ष चयन और आधुनिक प्रशिक्षण से सुसज्जित यह नया बैच उत्तर प्रदेश में स्मार्ट पुलिसिंग के युग को नई ऊँचाइयों पर ले जाएगा। प्रशिक्षुओं को राष्ट्र की सेवा, कर्तव्यों के प्रति अटूट निष्ठा और भारतीय संविधान के प्रति सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। कार्यक्रम की सफलता और भव्यता में जिलाधिकारी प्रवीण कुमार मिश्र एवं पुलिस अधीक्षक कमलेश बहादुर की विशेष उपस्थिति व कुशल पर्यवेक्षण सराहनीय रहा। पुलिस अधीक्षक ने नए आरक्षियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि अनुशासन ही हमारी शक्ति है और जनता के प्रति संवेदनशीलता ही एक आदर्श पुलिस कर्मी की असली पहचान है। इस गरिमामयी अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार व समस्त क्षेत्राधिकारी अधिकारी द्वारा अपनी उपस्थिति से नवागत आरक्षियों का मनोबल बढ़ाया। प्रशिक्षण की अवधि में विभिन्न



विधाओं में उत्.ष्ट प्रदर्शन करने वाले रिक्रूट आरक्षियों को मुख्य अतिथि एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा पुरस्.त कर सम्मानित किया गया। समारोह का समापन हर्षोल्लास के साथ हुआ, जहाँ इन नए रक्षकों ने उत्तर प्रदेश को सुरक्षित, सशक्त और खुशहाल बनाने का .ढ़ संकल्प दोहराया। गरिमापूर्ण परेड और निरीक्षण– मुख्य अतिथि द्वारा परेड का निरीक्षण किया गया। प्रशिक्षु आरक्षियों के उत्.ष्ट टर्न–आउट, शानदार कदमताल और ड्रिल के उच्च स्तर ने उपस्थित सभी अधिकारियों का मन मोह लिया। परेड का नेतृत्व करने वाले प्रशिक्षुओं के समन्वय और अनुशासन की मुख्य अतिथि ने खुले मन से प्रशंसा की। समारोह के दौरान सभी उत्तीर्ण प्रशिक्षु आरक्षियों को राष्ट्र की सेवा, कर्तव्यों के प्रति अटूट निष्ठा और भारतीय संविधान के प्रति सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई। प्रशिक्षण की अवधि के दौरान विभिन्न विधाओं (इण्डोर एवं आउटडोर) में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले रिक्रूट आरक्षियों को मुख्य अतिथि एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रशस्ति पत्र व पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं पुलिस अधीक्षक कमलेश बहादुर ने नए प्रहरियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि अनुशासन ही हमारी शक्ति है। जनता के प्रति संवेदनशीलता और अपराधियों के प्रति कठोरता ही एक आदर्श पुलिसकर्मी की असली पहचान है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ स्मार्ट पुलिसिंग के संकल्प को सिद्ध करेंगे। उत.ष्ट प्रदर्शन करने वाले रि0आ0– बाह्य विषय, इनडोर विषय व साक्षात्कार (सर्वागसर्वोत्तम) में सर्वाधिक अंक प्राप्त कने वाले रिक्रूट आरक्षी टोली न0 14 रोहिक कुमार दूबे, प्रथम कमाण्डर– रि0 आ0 विकास यादव दोली न0– 03 द्वितीय कमाण्डर रि0आ0 अमन कुमार नायक टोला न0–05 तृतीय कमाण्डर रि0आ0 राजमणि तिवारी टोली न0–06 समारोह का समापन हर्षोल्लास के साथ हुआ, जहाँ इन नए रक्षकों ने प्रदेश को सुरक्षित, सशक्त और खुशहाल बनाने का .ढ़ संकल्प दोहराया।

# जश्न-ए-इमामे रजा का भव्य आयोजन

## – रूहानियत से सजी यादगार महफिल

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखनऊ। शहर–ए–लखनऊ की सरजमीं पर आज मसूर नगर स्थित मैदान एलएच खां की अंजुमन दस्त–ए–हुसैनी और जश्न–ए–इमामे रजा कमेटी की जानिब से जश्न–ए–इमामे रजा



(अ.स.) का भव्य और रूहानी आयोजन किया गया। इस शानदार महफिल में अकीदतमंदों की बड़ी तादाद ने शिरकत कर अपने जज्बात–ए–अकीदत का इजहार किया। जश्न के कनवीनर जावेद रजा ने बताया कि कार्यक्रम की तमाम तैयारियां मुकम्मल थीं और आयोजन को कामयाब बनाने के लिए खास इंतजाम किए गए थे। महफिल का आयोजन हजरत कासिम हॉल में हुआ, जहां देश के मुख्तलिफ हिस्सों से आए उलेमा और शायरों ने अपने कलाम के जरिए इमामे रजा (अ.स.) की बारगाह में नजराना–ए–अकीदत पेश किया। इस मौके पर मेहमान–ए–खुसूसी डॉ. मौलाना यासूब अब्बास ने अपनी असरदार तकरीर में इमामे रजा (अ.स.) की सीरत, इल्म और इंसानियत के पैगाम को बयान किया। वहीं मौलाना सैय्यद सैफ अब्बास नकवी, मौलाना सैय्यद अब्बास इरशाद नकवी और मौलाना सदफ जौनपुरी, मौलाना सैय्यद मोहम्मद सकलैन आबिदी ने भी अपने खिताब से महफिल को रूहानी रंग में रंग दिया। रूहानी व अदबी रंग में रंगी इस महफिल में वरिष्ठ शायरों में सरवर नवाब, एजाज जैदी, नासिर जरवली, बिलाल काजमी और नय्यर मजीदी ने अपने शानदार अशआर से समां बांध दिया। वहीं बेरुनी शायरों में सलीम जैदी (टुल्लू), जो मशहूर टीवी सीरियल भाभी जी घर पर है से अपनी खास पहचान रखते हैं, की मौजूदगी ने महफिल की रौनक को और बढ़ा दिया। कार्यक्रम की निजामत के फराइज खुर्शीद रजा फतेहपुरी और गुलरेज नकवी ने बेहतरीन अंदाज में अंजाम दिए, जिससे महफिल का सिलसिला बेहद सलीके और खूबसूरती के साथ आगे बढ़ता रहा। महफिल के आखिर में तबर्रुक का भी इंतजाम किया गया। और कुरा अंदाजी के जरिए लोगों को जियारत इराक कुरा निकला गया। आयोजकों ने तमाम मोमिनीन का दिल की गहराइयों से शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि उनकी शिरकत ने इस रूहानी और अदबी आयोजन को कामयाबी की बुलंदियों तक पहुंचाया। साथ ही यह भी यकीन दिलाया गया कि आने वाले वक्त में भी ऐसे प्रोग्राम बेहतर इंतजामात के साथ आयोजित किए जाते रहेंगे।

# अस्मिता खेलो इंडिया में महिला खिलाड़ियों का जलवा

## - हैंडबॉल-वॉलीबॉल में रोमांचक मुकाबले

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखीमपुर खीरी। अस्मिता खेलो इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के तत्वाधान में शनिवार को जिला लखीमपुर खीरी के स्पोर्ट्स स्टेडियम में महिला खिलाड़ियों के लिए हैंडबॉल और वॉलीबॉल प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले की विभिन्न टीमों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन विधिवत किया गया, जिसके बाद पूरे दिन रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। वॉलीबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में रामपुर गोकुल और दीनदयाल इंटर कॉलेज की टीमों के बीच कड़ा मुकाबला हुआ। हालांकि शुरुआत से ही रामपुर गोकुल की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बढ़त बनाए रखी और अंततः 21–8 के अंतर से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम कर लिया। खिलाड़ियों के समन्वय और आक्रामक खेल ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। वहीं हैंडबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला स्पोर्ट्स स्टेडियम टीम और पंडित दीन दयाल सीबीएसई बोर्ड की टीम के बीच खेला गया। यह मैच काफी रोमांचक और कांटे की टक्कर वाला रहा। दोनों टीमों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया, लेकिन अंत में स्टेडियम टीम ने 10–7 से जीत हासिल कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। मैच के दौरान खिलाड़ियों की ऊर्जा और संघर्ष देखने लायक रहा। जिला ओलंपिक एसोसिएशन के आयोजन सचिव शारिफ तारा ने बताया कि अस्मिता खेलो इंडिया के अंतर्गत आयोजित इस जिला लीग में महिला खिलाड़ियों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को खेलों में भागीदारी के लिए प्रोत्साहित करना और उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए मंच प्रदान करना है। इससे न केवल उनका आत्मविश्वास बढ़ता है, बल्कि समाज में उनकी एक सशक्त पहचान भी बनती है। प्रतियोगिता के समापन समारोह में नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्रीमती इरा श्रीवास्तव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने महिला



खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेलों में महिलाओं की भागीदारी नारी सशक्तिकरण का महत्वपूर्ण माध्यम है। ऐसे आयोजन महिलाओं में नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार करते हैं तथा उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। समारोह के अंत में विजेता और उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को मेडल, प्रमाणपत्र और टी–शर्ट आदि पुरस्कार प्रदान किए गए। साथ ही आयोजन सचिव शारिफ तारा ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर विवेक गुप्ता, ओमप्रकाश, रमेश, जिमी, संजय, मालिक इरफान, अरशद काजी, उमाशंकर, रवि सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल आयोजन सभी के सहयोग से संपन्न हुआ।

# मोहम्मदाबाद में न्यू गुड्डू हीरो होंडा सर्विस सेंटर में लगी आग, लाखों का नुकसान

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। जनपद के मोहम्मदाबाद नगर क्षेत्र स्थित वकील बाड़ी रोड पर शनिवार रात अचानक आग लगने से अफरा–तफरी मच गई। आग न्यू गुड्डू हीरो होंडा एवं सर्विस सेंटर में लगी, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार घटना रात करीब 9 बजे की है। आसपास के लोगों ने दुकान से धुआं और तेज लपटें उठती देख शोर मचाया, जिसके बाद लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। दुकान मालिक मोनू जायसवाल, निवासी यूसुफपुर धर्मशाला गली वार्ड



नंबर 6, रोजाना की तरह शाम करीब 7 बजे दुकान बंद कर घर चले गए थे। इसी दौरान मकान मालिक मन्नान राईनी ने फोन कर दुकान में आग लगने की सूचना दी। सूचना मिलते ही मोनू जायसवाल अपने भाई सोनू जायसवाल के साथ मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों और पड़ोसियों ने मिलकर काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक दुकान में रखा टायर, स्पेयर पार्ट्स, मोबिल ऑयल, बैटरी समेत अन्य सामान जलकर राख हो चुका था। दुकान मालिक के अनुसार हादसे में करीब 6 से 7 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। घटना के बाद क्षेत्र में चिंता का माहौल है।

# तंत्रमंत्र के नाम पर 5.20 लाख की ठगी, तांत्रिक गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

शेरकोट, बिजनौर। मोहल्ला नौंधना में तंत्र–मंत्र के नाम पर ठगी का बड़ा मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में असलम नाम के एक कथित तांत्रिक को गिरतार किया है, जो कई वर्षों से लोगों को झाड़–फूंक और ताबीज के बहाने ठग रहा था। बताया गया कि आरोपी ने सलीम अहमद नामक व्यक्ति को तंत्र विद्या का डर दिखाकर और ब्लैकमेल कर उससे करीब 5 लाख 20 हजार रुपये ऐंठ लिए। आरोपी पीड़ित को बार–बार नुकसान और बर्बादी की धमकी देता था,




जिससे डरकर वह लगातार पैसे देता रहा। पुलिस के अनुसार, आरोपी लोगों को अपनी बातों में फंसाकर ताबीज और झाड़–फूंक के नाम पर मोटी रकम वसूलता था। मामले की शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरतार कर लिया और उसके पास से कुछ रकम भी बरामद की है। इस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की तलाश जारी है। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि ऐसे झांसे में न आएं और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

# टॉपर अनामिका पाठक का सम्मान, वरिष्ठ समाजसेवी ने बढ़ाया हौसला

## - मेधावी छात्रों को प्रोत्साहित करने की परंपरा निभाते नजर आए वरिष्ठ समाजसेवी

न्यूज वाणी ब्यूरो

शुकुल बाजार, अमेठी। जनपद में शिक्षा के क्षेत्र से एक प्रेरणादायक खबर है, कस्बे में



संचालित शिक्षा केंद्र सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय की हाईस्कूल टॉपर अनामिका पाठक को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। जिले के बहुचर्चित वरिष्ठ समाजसेवी पीके तिवारी स्वयं अनामिका के घर पहुंचे और उन्हें श्री राधा–.ष्ण की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार सुशील मिश्रा ने अनामिका को पटुका पहनाकर सम्मानित किया। इस बीच परिवार के सदस्य, और अभिभावक जिनमें अनामिका के बड़े भाई धर्मेंद्र पाठक उर्फ सोनू, युवा पत्रकार दीपक पाठक सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने अनामिका की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसे निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। मौके पर उपस्थित लोगों ने कहा कि अनामिका की यह सफलता न केवल उसके परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। कई स्थानीय लोग भी अनामिका के घर पहुंचे और उसे आशीर्वाद देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ज्ञात हो कि वरिष्ठ समाजसेवी पी.के. तिवारी समाज के विभिन्न हितकारी कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते हैं। विशेष रूप से वे ऐसे छात्रों और व्यक्तियों को प्रोत्साहित करते हैं जो अपने क्षेत्र में उत्.ष्ट कार्य कर रहे हों या आगे बढ़ने का प्रयास कर रहे हों। उनके इस प्रयास से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और युवा पीढ़ी को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है।अनामिका पाठक की इस उपलब्धि ने यह साबित कर दिया है कि मेहनत, लगन और सही मार्गदर्शन से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। पूरे क्षेत्र में उसकी सफलता की सराहना हो रही है और लोग उसे एक प्रेरणा के रूप में देख रहे हैं।

# अब विद्यालय मनमानी शुल्क नहीं बढ़ा सकते

## - मनमानी शुल्क लेने पर एक लाख तक लगेगा जुर्माना

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। जिला शुल्क नियामक समिति की बैठक जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा स्पष्ट निर्देशित किया गया कि किसी भी अभिभावक द्वारा अतिरिक्त शुल्क वृद्धि की शिकायत की जाती है तो विद्यालय को अतिरिक्त वृद्धि किए गए शुल्क को वापस करना पड़ेगा यदि विद्यालय द्वारा आदेश का अनुपालन नहीं किया जाता है तो एक लाख का जुर्माना लगेगा। किसी भी विद्यालय द्वारा किसी भी बच्चे को किताब, ड्रेस, जूता मौजा के लिए किसी भी विशेष दुकान से लेने के लिए बाध्य नहीं किया जाएगा तथा यह भी निर्देशित किया गया कि शीघ्र ही अभिभावकों एवं विद्यालय प्रबंधन के साथ बैठक कर शुल्क वृद्धि पुस्तकों की उपलब्धता ड्रेस इत्यादि के संबंध में आ रहे शिकायतों का निस्तारण कराया जाए। समस्त विद्यालय प्रबंधन सत्र आरंभ होने के 7 दिन पूर्व शुल्क का विवरण वेबसाइट पर अपलोड करेगा तथा सूचना पट्ट पर भी प्रदर्शित करेगा। जिला शुल्क नियामक समिति के पूर्व अनुमोदन के बिना 5 वर्ष के अंदर किसी भी विद्यालय द्वारा ड्रेस में परिवर्तन नहीं किया जाएगा, विद्यालय में पढ़ाए जाने वाले समस्त पुस्तकों की सूची वेबसाइट पर एवं विद्यालय के नोटिस बोर्ड पर अपलोड किया जाएगा, किसी भी विद्यालय द्वारा अगर निर्देशों का उल्लंघन पाया जाता है तो प्रथम बार में छात्रों से अनुचित शुल्क से अधिक उपग्रहित शुल्क को वापस करने के साथ–साथ एक लाख रुपए तक का अर्थ दंड अधिरोपित किया जाएगा, यदि दूसरी बार उल्लंघन होता है तो अधिक शुल्क वापसी के साथ–साथ ध5 लाख का दंड अधिरोपित किया जाएगा तथा तीसरी बार उल्लंघन किए जाने पर विकास निधि की अनुमति वापस लिए जाने के साथ परिषद द्वारा मान्यता संबद्धता समाप्त करने हेतु समिति संस्तुति कर सकती है। समस्त समिति के सदस्यों द्वारा विद्यालयों के शुल्क वृद्धि संबंधी



अभिलेखों का मिलान कर उनके द्वारा अतिरिक्त शुल्क लिए जाने की वापसी कराए जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में चार्टर्ड अकाउंटेंट राकेश श्रीवास्तव, सौरभ सिंह सहायक अभियंता पी डब्लूडी, वरिष्ठ कोषाधिकारी संजय गुप्ता, जिला विद्यालय निरीक्षक गौतम प्रसाद, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष उपाध्याय, समस्त प्रधानाचार्य, जिला समन्वयक एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

फतेहपुर के डा. जमाल चश्में वालों की मशहूर दुकान
फैसल चश्में वाले
(साइन्टिफिक आप्टीशियन)
किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।
(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)
हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनायें जाते है।
नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, समलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफ्ट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।
फैसल चश्में वाले
किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, खागा-फतेहपुर
डा. जमाल अहमद, जी.टी. रोड, फतेहपुर, MBBS. (H) P.M.P
हाजी ख़लीक़ अहमद जाफरी, सम्पादक कारवाने हक, 9415065213
एफ.ए.जाफरी, D.R. (Opt.), 7379440876

# महिला आरक्षण अधिनियम पर संगोष्ठी में कांग्रेस नेताओं ने उठाए सवाल, महिलाओं को बराबरी का अधिकार देने की मांग

(संवाददाता) लखनऊ। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा महिलाओं के मुद्दों पर आयोजित संगोष्ठी "महिला आरक्षण अधिनियमरू सम्मान या छलावा" में प्रदेश भर से सैकड़ों की संख्या में महिलाएं शामिल हुईं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे, विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अजय राय, नेता विधानमंडल दल आराधना मिश्रा मोना, मुख्य वक्ता के रूप में लखनऊ विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति एवं समाजसेविका रूपरेखा वर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता नाइस हसन तथा विचार विभाग के अध्यक्ष एच. एल. दुसाध सहित अन्य वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए।संगोष्ठी को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडे ने कहा कि महिलाएं बराबरी की हकदार हैं और कांग्रेस पार्टी ने अपनी स्थापना काल से ही महिलाओं को मुख्यधारा में लाने के लिए निरंतर प्रयास किए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की विचारधारा ने कभी भेदभाव नहीं



किया, जिसका परिणाम रहा कि देश को पहली महिला प्रधानमंत्री के रूप में इंदिरा गांधी मिलीं, जिन्होंने देश का नाम विश्व स्तर पर रोशन किया। उन्होंने कहा कि बाद में सोनिया गांधी के नेतृत्व में भी महिलाओं के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की गईं।अविनाश पांडे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी महिलाओं के आरक्षण की बात तो कर रही है, लेकिन उसकी नीयत पर सवाल उठते हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 में महिला आरक्षण विधेयक पारित हो चुका है, जिसे पारित कराने में कांग्रेस और राहुल गांधी ने समर्थन दिया, लेकिन अभी तक उसे लागू नहीं किया गया। उन्होंने मांग की कि वर्तमान लोकसभा सीटों में तत्काल महिलाओं को आरक्षण दिया जाए।प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि कांग्रेस सभी वर्गों को साथ लेकर चलने में विश्वास रखती है और महिलाओं के अधिकारों की लड़ाई आगे भी मजबूती से जारी रखेगी। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सम्मान की बात करने वालों को पहले अपने आचरण पर विचार करना चाहिए और महिलाओं की सुरक्षा एवं सम्मान के मुद्दे पर गंभीरता से कार्य किया जाना आवश्यक है।नेता विधानमंडल दल आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि कांग्रेस ने सदैव महिलाओं के उत्थान के लिए कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि जवाहरलाल नेहरू और मोतीलाल नेहरू ने महिलाओं के अधिकारों की वकालत की थी, जबकि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने पंचायतों में महिलाओं को आरक्षण देकर उन्हें सशक्त बनाने का ऐतिहासिक कार्य किया। मुख्य वक्ता रूपरेखा वर्मा ने कहा कि महिलाओं को पुरुषों के समान अधिकार मिलना चाहिए और महिला आरक्षण विधेयक पारित होने के बाद भी उसे लागू करने में देरी करना महिलाओं के साथ अन्याय है। उन्होंने कहा कि समाज में जन्म से पहले ही लड़कियों के साथ भेदभाव शुरू हो जाता है, जिसे समाप्त करना आवश्यक है।सामाजिक कार्यकर्ता नाइस हसन ने कहा कि महिलाओं की स्थिति में सुधार के लिए उन्हें वास्तविक अधिकार दिए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि पंचायतों में महिलाओं को आरक्षण दिए जाने से लाखों महिलाओं को नेतृत्व का अवसर मिला और समाज में उनकी भागीदारी बढ़ी।विचार विभाग के अध्यक्ष एच. एल. दुसाध ने कहा कि संविधान सभी को समान प्रतिनिधित्व का अधिकार देता है और महिलाओं को आरक्षण देने में देरी लोकतांत्रिक मूल्यों के विरुद्ध है।संगोष्ठी से पूर्व उत्तर प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह मुन्ना के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। नेताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।कार्यक्रम में पूर्व विधायक सोहेल अंसारी, अनामिका यादव, मनीष हिंदवी, अंशू अवस्थी, अलीमुल्ला खान, शालिनी सिंह, अली आसिफ जमा रिजवी, डॉक्टर अमित राय, पुष्पेंद्र श्रीवास्तव, सुरेंद्र कुमार यादव, प्रियंका गुप्ता, सुमन द्विवेदी, सुशीला शर्मा सहित प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आई बड़ी संख्या में महिलाएं एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## जनगणना प्रशिक्षण केंद्रों का निरीक्षण, व्यवस्थाओं और अनुशासन पर दिए सख्त निर्देश

(संवाददाता) लखनऊ। अपर प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं नगर आयुक्त गौरव कुमार ने रविवार 26 अप्रैल को शहर के जोन–5 और जोन–2 में संचालित जनगणना प्रशिक्षण केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षण व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने जोन–5 स्थित इंडिया लिटरेसी बोर्ड तथा जोन–2 स्थित ईदगाह परिसर में चल रहे प्रशिक्षण सत्रों का अवलोकन किया। उन्होंने




विभिन्न कक्षाओं में जाकर प्रगणकों और पर्यवेक्षकों से संवाद स्थापित किया तथा उन्हें जनगणना कार्य के महत्व से अवगत कराते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि जनगणना एक अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जिसके आधार पर भविष्य की नीतियों और योजनाओं का निर्माण किया जाता है, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।नगर आयुक्त ने प्रशिक्षण केंद्रों पर उपलब्ध सुविधाओं की भी विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी व्यवस्थाएं निर्धारित मानकों के अनुरूप सुनिश्चित की जाएं। विशेष रूप से भोजन और पेयजल की समुचित व्यवस्था बनाए रखने पर जोर देते हुए कहा कि प्रशिक्षण में शामिल कर्मियों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। साथ ही प्रशिक्षण का वातावरण अनुशासित और सुव्यवस्थित बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए, ताकि प्रतिभागियों को प्रभावी ढंग से प्रशिक्षण प्राप्त हो सके।

इस दौरान नगर आयुक्त ने जोनल अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जो प्रगणक और पर्यवेक्षक लगातार प्रशिक्षण से अनुपस्थित हैं, उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की प्रक्रिया प्रारंभ की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसे मामलों में उच्च अधिकारियों को तत्काल सूचना भेजते हुए आवश्यक कदम उठाए जाएं, ताकि कार्य में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो।इसके अतिरिक्त उन्होंने सभी प्रगणकों और पर्यवेक्षकों के लिए एक अलग संदेश समूह बनाने के निर्देश दिए, जिसके माध्यम से प्रशिक्षण के बाद भी सभी कर्मी मास्टर प्रशिक्षकों से जुड़े रह सकेंगे और आवश्यकता पड़ने पर आवश्यक जानकारी एवं मार्गदर्शन तुरंत प्राप्त कर सकेंगे।नगर आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को प्रशिक्षण की गुणवत्ता और पारदर्शिता बनाए रखने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी प्रतिभागियों को जनगणना से जुड़े तकनीकी और व्यावहारिक पहलुओं की समुचित जानकारी दी जाए, क्योंकि प्रशिक्षित और जिम्मेदार कर्मी ही जनगणना प्रक्रिया को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## फर्जी दस्तावेज तैयार कर भूमि पर कब्जा करने के मामले में एक गिरफ्तार

(संवाददाता) लखनऊ। थाना मोहनलालगंज क्षेत्र में कूटरचित दस्तावेज तैयार कर भूमि पर अवैध कब्जा करने के मामले में पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।प्राप्त जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता शिवकुमार पुत्र रामनाथ निवासी ग्राम सहायखेड़ा,



थाना मौरावां, जनपद उन्नाव ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया था कि ग्राम बिरसिंहपुर, थाना निगोहां, तहसील मोहनलालगंज स्थित गाटा संख्या–65 की भूमि पर विपक्षी दुलारा पत्नी शत्रुहन तथा दशरथ, लवकुश, आकाश और विकास पुत्रगण स्वर्गीय शत्रुहन निवासी ग्राम नेवलखेड़ा, मजरा डेहवा, थाना मोहनलालगंज, लखनऊ द्वारा कूटरचित पारिवारिक रजिस्टर की नकल तैयार कर अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है।शिकायतकर्ता के अनुसार उक्त भूमि से संबंधित वाद न्यायालय में विचाराधीन है तथा इस संबंध में न्यायालय द्वारा पूर्व में स्थगन आदेश भी पारित किया जा चुका है। इसके बावजूद आरोपियों ने तथ्यों को छुपाते हुए कूटरचित दस्तावेज तैयार कर न्यायिक तहसीलदार मोहनलालगंज से 19 अक्टूबर 2023 को एकपक्षीय आदेश प्राप्त कर लिया। इस सूचना के आधार पर थाना मोहनलालगंज में मुकदमा संख्या 29/26 धारा 420, 467, 468 व 471 भादवि के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया था।विवेचना के दौरान यह तथ्य प्रकाश में आया कि गाटा संख्या–65 के संबंध में न्यायालय में वाद विचाराधीन है। इसी बीच विपक्षी रामकुमार पुत्र दयाराम द्वारा वर्ष 2011 में उक्त भूमि का विक्रय राजाराम पुत्र महावीर के पक्ष में किया गया था। राजाराम अपने पिता महावीर के इकलौते पुत्र थे, जिनकी वर्ष 2016 में मृत्यु हो गई थी। राजाराम की मृत्यु के बाद शत्रोहन पुत्र अंगनू के पुत्र दशरथ व अन्य सह–अभियुक्तों द्वारा षड्यंत्रपूर्वक कूटरचित पारिवारिक रजिस्टर तैयार कराया गया, जिसमें वास्तविक तथ्यों को छुपाते हुए अपने पिता शत्रोहन के पिता अंगनू के स्थान पर महावीर का नाम दर्ज करा दिया गया।पुलिस के अनुसार उक्त फर्जी पारिवारिक रजिस्टर के आधार पर आरोपियों ने न्यायिक तहसीलदार मोहनलालगंज के समक्ष वाद प्रस्तुत कर एकपक्षीय आदेश प्राप्त किया और गाटा संख्या–65 को अपने तथा अपने परिजनों के नाम वरासत में दर्ज करा लिया। इसके बाद अवैध लाभ अर्जित करने के उद्देश्य से उक्त भूमि का एग्रीमेंट भी किया गया।उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्त दशरथ पुत्र शत्रोहन निवासी ग्राम नेवलखेड़ा, थाना मोहनलालगंज, लखनऊ की संलिप्तता प्रथम दृष्टया प्रमाणित पाई गई। पुलिस ने 25 अप्रैल 2026 को अभियुक्त दशरथ को ज्योतिनगर तिराहा, थाना मोहनलालगंज क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। शेष अभियुक्तों की तलाश तथा साक्ष्य संकलन की कार्यवाही जारी है।गिरफ्तारी की कार्रवाई में उपनिरीक्षक सौरभ सिंह तथा उपनिरीक्षक अरुण कुमार की टीम शामिल रही।

## ओबीसी की सटीक जातिवार जनगणना की मांग को लेकर सरदार पटेल बौद्धिक विचार मंच ने उठाई आवाज

(संवाददाता) लखनऊ। सरदार पटेल बौद्धिक विचार मंच ने देश में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की सटीक जातिवार जनगणना सुनिश्चित करने के लिए अपनी आवाज बुलंद की है। मंच के महामंत्री जगदीश शरण गंगवार ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि मंच पिछले आठ वर्षों से समाज के बौद्धिक वर्गों जैसे पूर्व सैन्य अधिकारी, प्राध्यापक, वैज्ञानिक, चिकित्सक, अधिवक्ता और व्यवसायियों के साथ मिलकर सामाजिक सुधार की दिशा में कार्य कर रहा है।उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में कुर्मी समाज की जनसंख्या 12 प्रतिशत से अधिक है और यह समाज राज्य की लगभग 300 विधानसभा सीटों पर हार–जीत तय करने की क्षमता रखता है। वर्तमान समय में भी बड़ी संख्या में इस समाज के प्रतिनिधि सदन में मौजूद हैं। वर्ष 2026 की जनगणना से संबंधित विसंगतियों के संदर्भ में भारत सरकार के महारजिस्ट्रार द्वारा 22 जनवरी 2026 से प्रारम्भ होने वाली जनगणना के प्रारूप




पर मंच ने आपत्ति जताई है।मंच ने कहा कि प्रारूप के क्रम संख्या 12 पर ष्क्या परिवार का मुखिया अनुसूचित जाति/ जनजाति/ अन्य से संबंधित हैष वाले कॉलम में अन्य पिछड़ा वर्ग का स्पष्ट उल्लेख न होने से समाज में रोष है। मंच का मानना है कि इससे पिछड़ी जातियों की सही गणना नहीं हो सकेगी और वास्तविक आंकड़े सामने नहीं आ पाएंगे।प्रेस वार्ता के दौरान अरुण कुमार सिन्हा (पूर्व आईएएस एवं संस्थापक संरक्षक), डॉ. क्षेत्रपाल गंगवार (अध्यक्ष), रवीन्द्र सिंह गंगवार, वी.आर. वर्मा, मुनीश गंगवार, आर.एल. निरंजन, योगेन्द्र सचान, जय सिंह सचान (कुर्मी सभा लखनऊ), के.सी. वर्मा (सरदार वल्लभभाई ट्रस्ट), ज्ञान सिंह (पटेल प्रतिनिधि सभा, लखनऊ) तथा राजबहादुर सिंह (छत्रपति शिवाजी शोध संस्थान) सहित अन्य लोगों ने भी अपने विचार व्यक्त किए।मंच ने सरकार से मांग की है कि अन्य पिछड़ा वर्ग की जातियों के लिए जनगणना में अलग से कॉलम रखा जाए, जिससे जातिवार आंकड़े स्पष्ट रूप से सामने आ सकें। इसके साथ ही मंच ने कुर्मी समाज के लोगों से अपील की है कि जनगणना के समय वे अपनी उपजाति के साथ ष्कुर्मीष शब्द अवश्य लिखवाएं, ताकि समाज की वास्तविक संख्या और शक्ति का सही आकलन हो सके।इस मुहिम में मंच को अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा, कुर्मी सभा लखनऊ, छत्रपति शिवाजी संस्थान कानपुर तथा सरदार वल्लभभाई पटेल ट्रस्ट लखनऊ जैसे प्रमुख संगठनों का समर्थन प्राप्त होने की भी जानकारी दी गई।

## बयान बदलवाने से सच नहीं बदलता, पीड़ितों पर दबाव डाल रही सरकारः अखिलेश यादव

(संवाददाता) लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने गाजीपुर के करंडा कटरिया प्रकरण को लेकर कहा है कि बयान बदलवाने से सच नहीं बदलता है। उन्होंने आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश ने इतना कमजोर मुख्यमंत्री कभी नहीं देखा, जो घोर अत्याचार के शिकार गरीब और बेबस पीड़ितों पर दबाव डालकर बयान बदलवाते हैं।अखिलेश यादव ने कहा कि कई गंभीर सवाल उठ रहे हैं, जिनका जवाब मिलना जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्राथमिकी दर्ज कराने में इतनी देर क्यों हुई, पीड़ित पक्ष के बयान क्यों बदलवाए गए, पीड़ित परिवार को और अधिक उत्पीड़ित क्यों किया जा रहा है, पुलिस पर पथराव करने वाले वर्चस्ववादियों के खिलाफ कार्रवाई करने से किसने रोका और पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर सवालिया निशान क्यों लग रहा है। उन्होंने कहा कि सच्चाई यह है कि सभी को वास्तविक घटना की जानकारी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट कुछ भी कहे, गांव के हर घर को जमीनी सच्चाई मालूम है। सब जानते हैं कि घटना क्या हुई और क्या कहलवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस घटना के बाद गांव के हर समाज तक भाजपा के झूठ की बात पहुंच गई है, जिससे पीडीए समाज में गहरा गुस्सा और आक्रोश व्याप्त है।अखिलेश यादव ने कहा कि गाजीपुर की बेटी हत्याकांड, हाथरस की बेटी हत्याकांड की पुनरावृत्ति जैसा है। उन्होंने कहा कि दोनों घटनाओं में एक समानता यह है कि पीड़ित परिवार पीडीए वर्ग से थे और उत्पीड़क वर्चस्ववादी थे। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि दिखावटी कार्रवाई से क्या पीड़ित परिवार को न्याय मिल पाएगा। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के अन्याय की मूल वजह समाज में भेदभाव है, इसलिए केवल न्याय का राज नहीं बल्कि सामाजिक न्याय का राज स्थापित करना आवश्यक है।उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय का राज लाने का पीडीए का मिशन स्वतंत्रता के बाद एक और वास्तविक स्वतंत्रता का आंदोलन है। यह ऐसा आंदोलन है जो लोगों की सोच में बदलाव लाने की बात करता है। उन्होंने कहा कि बराबरी की भावना सच्चे लगाव से उत्पन्न होती है और जब शोषक और शोषित का भेद समाप्त हो जाएगा तथा लोग मन से समता को स्वीकार कर लेंगे, तभी वास्तविक स्वतंत्रता का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निरंतर संघर्षरत है और हर परिस्थिति में इस लड़ाई को लड़कर जीत हासिल करेगी, चाहे इसमें समय लगे।

## अर्बन चैलेंज फंड से शहरी विकास को मिलेगी नई दिशा- ए. के. शर्मा

(संवाददाता) लखनऊ। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए. के. शर्मा ने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर की अध्यक्षता में नई दिल्ली स्थित इंडिया हैबिटेट सेंटर में आयोजित 'अर्बन चौलेंज फंड' से संबंधित रणनीतिक विचार–विमर्श बैठक में भाग लिया। बैठक में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए परियोजनाओं की प्राथमिकता तय करने, निर्णय प्रक्रिया को सरल बनाने, अनुमोदन प्रणाली को सुदृढ़ करने तथा निधियों के समयबद्ध निर्गमन सुनिश्चित करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए. के. शर्मा ने कहा कि अर्बन चौलेंज फंड के तहत निर्धारित एक लाख करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता देश के शहरी विकास को नई दिशा देने वाली ऐतिहासिक पहल है। उन्होंने कहा कि यह फंड राज्यों और शहरों को आर्थिक विकास केंद्र के रूप में विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार शहरी क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है और अर्बन चौलेंज फंड के अंतर्गत चिन्हित परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने बताया कि एकीकृत कमांड एवं नियंत्रण केंद्र, नगर सेवाओं का डिजिटलीकरण, ड्रोन आधारित अतिक्रमण प्रबंधन, ट्रांजिट आधारित विकास, डंपसाइट पुनर्वास, अपशिष्ट प्रबंधन, विरासत संरक्षण तथा स्ट्रीट लाइटिंग जैसी परियोजनाएं शहरों की कार्यक्षमता और जीवन गुणवत्ता में व्यापक सुधार लाएंगी।मंत्री ए. के. शर्मा ने कहा कि यह पहल न केवल शहरी अवसंरचना को सुदृढ़ करेगी, बल्कि रोजगार सृजन, निवेश आकर्षण और सतत विकास को भी गति देगी। उन्होंने भरोसा जताया कि केंद्र और राज्य के समन्वित प्रयासों से उत्तर प्रदेश के शहर आधुनिक, सुव्यवस्थित और आत्मनिर्भर बनेंगे।बैठक में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर, प्रमुख सचिव नगर विकास पी. गुरु प्रसाद, अन्य राज्यों के प्रतिनिधियों, वरिष्ठ अधिकारियों तथा शहरी विकास क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों ने भाग लिया।



## किशोरी को कार में बैठाकर छेड़छाड़ करने के आरोप में एक गिरफ्तार, एक अन्य को अभिरक्षा में लिया

(संवाददाता) लखनऊ। थाना महिगवां क्षेत्र में किशोरी को कार में बैठाकर ले जाने और उसके साथ छेड़छाड़ करने के मामले में पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार करते हुए एक अन्य को अभिरक्षा में लिया है। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है, जबकि मामले में आगे की विवेचना जारी है।पुलिस के अनुसार 21 अप्रैल 2026 को वादी द्वारा थाना महिगवां पर तहरीर देकर बताया गया था कि 17 अप्रैल 2026 को अभियुक्तों ने उसकी पुत्री को कार में बैठाकर ले गए और उसके साथ छेड़छाड़ की। इस संबंध में थाना महिगवां पर मुकदमा संख्या 49/2026 धारा 137(2)/74 बीएनएस तथा 7/8 पाक्सो अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया, जिसकी विवेचना उपनिरीक्षक अंसार अहमद द्वारा की जा रही थी।पुलिस टीम 25 अप्रैल 2026 को मुसपिपरी चौराहे पर गश्त के दौरान मौजूद थी, तभी मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि उक्त मुकदमे से संबंधित आरोपी गुलालपुर मोड़ पर खड़े हैं और कहीं जाने की फिराक में हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को पकड़ लिया।पूछताछ में एक अभियुक्त ने अपना नाम अनन्त पुत्र श्रीपाल निवासी ग्राम शाहपुर नजूल थाना महिगवां, लखनऊ उम्र लगभग 25 वर्ष बताया, जबकि दूसरे व्यक्ति ने अपनी उम्र 16 वर्ष बताई। पुष्टि होने पर अभियुक्त को उसके अपराध से अवगत कराते हुए गिरफ्तार किया गया तथा दूसरे व्यक्ति को नियमानुसार अभिरक्षा में लिया गया।पुलिस ने बताया कि गिरफ्तारी एवं अभिरक्षा की कार्यवाही के दौरान सर्वोच्च न्यायालय एवं मानवाधिकार आयोग के दिशा–निर्देशों का पालन किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त अनन्त को 25 अप्रैल 2026 को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है।इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक अंसार अहमद, उपनिरीक्षक जयप्रकाश सिंह, बाल कल्याण अधिकारी प्रिया बाजपेई तथा आरक्षी कमलेश कुमार थाना महिगवां की पुलिस टीम शामिल रही।

# थर्ड डिस्ट्रिक्ट किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप संपन्न, 110 खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा

## - हमजा व असद अली का शानदार प्रदर्शन,- राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनय कैमूर का बढ़ाया मान




न्यूज वाणी ब्यूरो

दिलदारनगर, गाजीपुर। दिलदारनगर स्थित नोबल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 14 अप्रैल को थर्ड डिस्ट्रिक्ट किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप का भव्य आयोजन किया गया। जिला स्तरीय इस प्रतियोगिता में जिले भर के विभिन्न स्कूलों और क्लबों के करीब 110 खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में उत.ष्ट प्रदर्शन करते हुए नोबल सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि शाह फैज पब्लिक स्कूल, गाजीपुर ने द्वितीय स्थान हासिल किया। मास्क अकैडमी, एसकेबीएम दिलदारनगर को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इसके अलावा अन्य कई विद्यालयों और क्लबों के खिलाड़ियों ने भी प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा का परिचय दिया। प्रतियोगिता में सगे भाई हमजा अली और असद अली ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। असद अली (उम्र 12 वर्ष), कक्षा 6 के छात्र हैं और 28 से 30 किलोग्राम भार वर्ग में खेले, जबकि हमजा अली (उम्र 10 वर्ष), कक्षा 5 के छात्र हैं और 26 से 28 किलोग्राम भार वर्ग में उत.ष्ट प्रदर्शन किया। उनकी मेहनत और लगन ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। दोनों खिलाड़ी मूल रूप से बिहार के कैमूर जिले के दुर्गावती प्रखंड के ग्राम कोट्सा के निवासी हैं। इनके पिता शोएब खान बीए शिक्षित हैं और पेशे से पत्रकार हैं, जबकि माता शाहीन खातून बी.ए., एम.ए. एवं डीएलएड शिक्षित हैं। अपने बेटों की इस उपलब्धि पर परिवार में खुशी का माहौल है और पूरे क्षेत्र में गर्व की भावना है। बेहतरीन प्रदर्शन के आधार पर दोनों खिलाड़ियों का चयन आगामी राज्य स्तरीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए किया गया है। यह प्रतियोगिता 11 से 13 मई तक मेरठ स्थित आईआईएमटी में आयोजित होगी, जिसमें प्रदेश भर के खिलाड़ी भाग लेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल की डायरेक्टर जोया खान ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. अजहर खान उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का सफल संचालन उत्तर प्रदेश के हेड कोच एवं गाजीपुर के जिला महासचिव मोहम्मद अब्दुल सलाम के नेतृत्व में किया गया। वहीं कार्यक्रम की देखरेख गाजीपुर के प्रेसिडेंट देवेंद्र प्रजापति और चेयरमैन सरजिस सिंह द्वारा की गई। इस सफल आयोजन से जिले में खेलों के प्रति युवाओं का उत्साह और अधिक बढ़ा है।

# 67 आईटी एक्ट में वांछित एक अभियुक्त गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो




मऊ। पुलिस अधीक्षक कमलेश बहादुर के निर्देशन में अपराध, अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में के अपर पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी जितेन्द्र सिंह के कुशल नेतृत्व में रविवार को थाना घोसी पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व जरिये मुखबिर की सूचना पर करीमुद्दीनपुर पुलिया के पास मु0अ0सं0 160/2026 धारा 248ए, 356(2), 352 बीएनएस व 67 आईटी एक्ट में वांछित अभियुक्त आफताब अहमद पुत्र स्व0 इस्तेखार अहमद निवासी बड़ागांव (नीमतले) नगर पंचायत घोसी वार्ड न0–12 थाना घोसी को गिरतार किया गया तथा चालान न्यायालय किया गया। उल्लेखनीय है कि कस्बा घोसी के मुन्ना प्रसाद गुप्ता पुत्र स्व0 गुलाबचन्द्र गुप्ता अध्यक्ष नगर पंचायत घोसी द्वारा हीरे की अंगूठी एंव पैसा, प्रदेश सरकार मे ऊर्जा मंत्री एंव नगर विकास मंत्री एके शर्मा को देने की आरोपी द्वारा आरोप लगाने के सम्बन्ध में उनकी लिखित सूचना पर थाना घोसी पर मु0अ0सं0 160/2026 धारा 248ए, 356(2), 352 बीएनएस व 67 आईटी एक्ट बनाम आफताब अहमद पुत्र स्व0 इस्तेखार अहमद निवासी बड़ागांव (नीमतले) नगर पंचायत घोसी वार्ड न0–12 थाना घोसी वीडियो बनाकर वायरल करने वाला ब्यक्ति नाम पता अज्ञात के पंजी.त किया गया था।

# किशोरी ने फांसी लगाकर दी जान

न्यूज वाणी ब्यूरो

ऊंचाहार, रायबरेली। तहसील क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत मतरौली के मजरे पूरे पासिन में एक 16 वर्षीय किशोरी ने अज्ञात कारणों के चलते कमरे के अंदर फंदा लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। इस घटना से पूरे गांव में हड़कंप मचा हुआ है और परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। गांव के हरकेश की पुत्री कुसुम 16 वर्ष रविवार को घर के अंदर एक कमरे में थी। इसी दौरान उसने संदिग्ध परिस्थितियों में साड़ी का फंदा बनाया और छत के पंखे के कुंडे से लटक गई। काफी देर तक हलचल न होने पर जब परिजनों ने कमरे में देखा, तो कुसुम का शव फंदे से लटकता मिला। चीख–पुकार सुनकर ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। परिजनों द्वारा सूचना दिए जाने के बाद स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया है। हालांकि, आत्महत्या के स्पष्ट कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। ग्रामीणों के अनुसार कुसुम सरल स्वभाव की थी, जिसके चलते इस आत्मघाती कदम से हर कोई स्तब्ध है।

# खूनी मुठभेड़ में पचास हजार का इनामी गैंगस्टर गोली का शिकार

न्यूज वाणी ब्यूरो

डलमऊ, रायबरेली। रविवार को डलमऊ पुलिस और शातिर बदमाशों के बीच हुई खूनी मुठभेड़ में 50 हजार का इनामी गैंगस्टर नजमुद्दीन पुलिस की गोली का शिकार हो गया। अंधेरे का फायदा उठाकर बदमाश ने पुलिस टीम पर फायर झोंक दिया था। जिसके बाद जवाबी कार्रवाई में वह घायल हो गया। हालांकि उसका एक दुस्साहसी साथी चकमा देकर भागने में सफल रहा। जानकारी के अनुसार, पुलिस अधीक्षक रवि कुमार के निर्देश पर डलमऊ पुलिस की टीम अपराधियों की धरपकड़ के लिए मकनपुर तिराहे पर जाल बिछाए बैठी थी। तभी सुबह करीब 01.35 बजे एक संदिग्ध कंटेनर (यूपी–21बीएन/6720) आता दिखाई दिया। पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो ड्राइवर ने रतार बढ़ा दी। आईटीबीपी कैंप के पास ग्राम भटानी हार के करीब पुलिस ने घेराबंदी की तो बदमाशों ने खुद को घिरता देख तमंचे से फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी आत्मरक्षार्थ मोर्चा संभाला और जवाबी फायरिंग की। पुलिस की एक गोली बदमाश नजमुद्दीन निवासी बरेली के बाएं पैर में जा लगी, जिससे वह लहुलुहान होकर वहीं गिर पड़ा। पुलिस ने उसे तुरंत दबोच लिया, जबकि उसका साथी मो. सुबीन निवासी मुरादाबाद अंधेरे और झाड़ियों का फायदा उठाकर रफूचक्कर हो गया। घायल बदमाश को पहले सीएचसी डलमऊ और फिर हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पुलिस ने मौके से एक अवैध तमंचा (315 बोर), दो खोखा कारतूस और वारदात में इस्तेमाल कंटेनर बरामद किया



है। पकड़ा गया आरोपी नजमुद्दीन कोई मामूली अपराधी नहीं है। उस पर रायबरेली और वाराणसी समेत कई जिलों में गोवध निवारण अधिनियम, पशु क्रूरता और शस्त्र अधिनियम के गंभीर मामले दर्ज हैं। वह डलमऊ थाने से गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहा था और उस पर पुलिस ने 50 हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा था। अब पुलिस फरार आरोपी सुबीन की तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। इस एनकाउंटर के बाद इलाके के अपराधियों में हड़कंप मचा हुआ है।

# रुपईडीहा व नारकोटिक्स टीम ने चरस के साथ तस्कर को किया गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। थाना रुपईडीहा पुलिस व नारकोटिक्स टीम लखनऊ द्वारा मोबाइल की दुकान में छापेमारी के दौरान मौके से चरस बरामद कर एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी एवं क्षेत्राधिकारी नानपारा पहुप सिंह के पर्यवेक्षण में नारकोटिक्स टीम लखनऊ उ0नि0 सूरज सिंह व प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह रावत के नेतृत्व में पुलिस टीम को मिली सफलता।



रविवार को कस्बा रुपईडीहा में अवैध चरस (मादक पदार्थ) की तस्करी की सूचना पर नारकोटिक्स यूनिट लखनऊ टीम व थाना रुपईडीहा पुलिस टीम की संयुक्त टीम द्वारा राष्ट्र नेपाल से कस्बा रुपईडीहा में चकिया रोड स्थित सफीक मोबाइल रिपेरिंग की दुकान से अभियुक्त इस्माईल पुत्र हनीफ निवासी जमुनहा गाँव थाना रुपईडीहा उम्र करीब 40 वर्ष गिरतार किया गया जिसके कब्जे से कुल 06.770 कि0 ग्राम अवैध चरस बरामद हुआ जिसकी अंतर्राष्ट्रीय कीमत 1.50 करोड़ रुपये है। अभियुक्त से पूछताछ पर बताया कि उपरोक्त चरस नेपाल के बांके जिला के रास्ते भारत लाकर बेचता है। बरामद अवैध चरस के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 87/2026 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजी.त कर अभियुक्त को हिरासत पुलिस में लेकर आवश्यक विधिक कार्यवाही के उपरांत न्यायालय रवाना किया गया।

# खाकी के साये में खनन का खेल : रात ढलते ही चीरा जा रहा धरती का सीना

न्यूज वाणी ब्यूरो

ऊंचाहार, रायबरेली। ऊंचाहार कोतवाली क्षेत्र इन दिनों अवैध खनन माफियाओं की चरागाह बन गया है। आरोप है कि पुलिस की कथित मिलीभगत और शह के चलते रात के अंधेरे में बेखौफ



होकर धरती का सीना चीरा जा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, क्षेत्र के गैगौली, खरौली, कदरावां और फागीपुर जैसे गांवों में सूर्यास्त होते ही अवैध खनन का काला कारोबार परवान चढ़ने लगता है। सूत्रों का दावा है कि पुलिस और खनन माफियाओं के बीच सांठगांठ इस कदर गहरी है कि रक्षक ही अब भक्षक की भूमिका में नजर आ रहे हैं। चंद रुपयों के लालच में कानून के रखवाले माफियाओं के आगे नतमस्तक हैं, जिसके कारण बिना किसी डर के पोकलैंड और जेसीबी मशीनें रात भर गरजती रहती हैं। भारी भरकम डंपरों की आवाजाही से न केवल राजस्व को भारी चपत लग रही है, बल्कि पर्यावरण और ग्रामीण सड़कों का भी बुरा हाल है। ग्रामीणों में इस बात को लेकर भारी आक्रोश है कि बार–बार शिकायत के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी आंखें मूंदे बैठे हैं। क्या प्रशासन इन सफेदपोश माफियाओं और बिकाऊ तंत्र पर लगाम कसेगा, या ऊंचाहार की धरती इसी तरह लुटती रहेगी?

# राष्ट्र निर्माण की भावना को जागृत करने का सशक्त माध्यम है मन की बात

## - प्रधानमंत्री ने देशवासियों से की जनगणना अभियान में सहयोग की अपील
## - जिले के सभी बूथों में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी मन की बात

न्यूज वाणी ब्यूरो

बाँदा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात के 133 वें संस्करण के प्रसारण को आज जिले के चारों विधानसभा के सभी बूथों में भाजपा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा सुना गया। सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने अपनी विधानसभा के मण्डल बिसंडा के बूथ क्रमांक 242 खुरहण्ड में मन की बात सुनी। इसी प्रकार जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने भाजपा कार्यालय व निवर्तमान अध्यक्ष संजय सिंह ने अतर्रा मण्डल के बूथ क्रमांक 191 में मन की बात सुनी स उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के सकारात्मक विचार



और उनका ओजस्वी मार्गदर्शन सदैव हम सभी में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार करते है। मन की बात एक प्रकरण नहीं वल्कि सवा सौ करोड़ देशवासियों को एक सूत्र में पिरोने और उनके भीतर राष्ट्र निर्माण की भावना को जागृत करने का एक सशक्त माध्यम है। मन की बात में प्रधानमंत्री ने भारत के विकास के लिए सौर ऊर्जा और पवन ऊर्जा को जरूरी बताया। उन्होंने कहा आज पूरी दुनिया भगवान बुद्ध के विचारों से प्रेरित हो रही है। इसी प्रकार मण्डल अध्यक्ष राजेश गुप्ता रज्जन, संतोष राजपूत, उत्तम सक्सेना, दुर्गा चौरसिया, आनंदी साहू, चतुर सिंह शिवा सिंह, प्रभाँसु मिश्रा, लकी सिंह, मनोज गुप्ता, शिवकुमार चौरसिया आदि ने भी मोदी जी के मन की बात को सुना।

# आचार्य रमेश चन्द्र गर्ल्स इंटर कॉलेज का वार्षिकोत्सव व छात्रा सम्मान समारोह संपन्न

न्यूज वाणी ब्यूरो/रूपईडीहा, बहराइच। साकेत नगर स्थित आचार्य रमेश चन्द्र गर्ल्स इंटर कॉलेज रूपईडीहा में शनिवार को वार्षिकोत्सव एवं छात्रा सम्मान समारोह का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। समारोह के मुख्य अतिथि के पूर्व सांसद अक्षयवर लाल गौड़ रहे एवं कार्यक्रम का संचालन राम जानकी इंटर कॉलेज के शिक्षक एपी श्रीवास्तव एवं स्कूल की छात्राओं ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों एवं विद्यालय के प्रबंधक हरिश्चंद्र उर्फ बंटू भइया द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने सांस्.तिक कार्यक्रमों के अंतर्गत गीत, नृत्य, भाषण एवं अन्य मनमोहक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं के उत्साहवर्धन के साथ–साथ उनकी शैक्षिक एवं सांस्.तिक उपलब्धियों को सम्मानित करना रहा। विद्यालय की मेधावी एवं उत.ष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। उपस्थित अभिभावकों एवं अतिथियों ने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनके प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रबंधक हरिश्चंद्र उर्फ बंटू भइया ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि छात्राओं की शिक्षा और सर्वांगीण विकास ही विद्यालय की प्राथमिकता है। उन्होंने छात्राओं को निरंतर मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। समारोह में बड़ी संख्या में अभिभावक, शिक्षकगण एवं स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम का वातावरण उत्साह, उल्लास और सम्मान से ओतप्रोत रहा। विद्यालय के प्रबंध यशपाल उर्फ गोपी भइया ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# रिक्रूट आरक्षियों के दीक्षांत परेड समारोह का किया आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। पुलिस लाइन में रिक्रूट प्रशिक्षण केन्द्र में 09 माह के कठोर एवं अनुशासित प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाले उ0प्र0 सिविल पुलिस के 436 रिक्रूट आरक्षियों के दीक्षांत परेड समारोह का आयोजन किया गया। दीक्षांत परेड में कैडेटों द्वारा प्रदर्शित अनुशासन, समर्पण एवं उत.ष्ट प्रदर्शन ने उपस्थित अतिथियों एवं दर्शकों का मन मोह लिया। समारोह के मुख्य अतिथि पुलिस उपमहानिरीक्षक, चित्रकूटधाम परिक्षेत्र राजेश एस. द्वारा परेड की सलामी ली गई तथा प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाले सभी रिक्रूट आरक्षियों को उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन योगी आदित्यनाथ द्वारा वर्चुअल माध्यम से सभी रिक्रूट आरक्षियों को संबोधित किया गया व सभी नवचयनित आरक्षियों को ईमानदारी, निष्ठा एवं कर्तव्यपरायणता के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। समारोह के दौरान पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल द्वारा सभी कैडेटों को कर्तव्य एवं निष्ठा की शपथ दिलाई गई एवं सम्बोधित करते हुए बताया कि कानून व्यवस्था बनाए रखना, जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा निष्पक्षता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करना प्रत्येक पुलिसकर्मी का सर्वोच्च कर्तव्य है। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि द्वारा प्रशिक्षण अवधि में उत.ष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेटों को पुरस्.त कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। गौरतलब हो कि जनपद के पुलिस लाइन में 21



जुलाई 2025 से उ0प्र0 सिविल पुलिस के 436 रिक्रूटों का प्रशिक्षण चल रहा था। 09 माह के कठोर प्रशिक्षण के उपरांत रविवार को कैडेटों के दीक्षांत परेड समारोह का आयोजन किया गया। परेड में कैडेटों के अनुशासन और ड्रिल ने उपस्थित दर्शकों में रोमांच उत्पन्न कर दिया। इस अवसर पर पुलिस व प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारीगण सहित आमजन व कैडेटों के परिजन आदि उपस्थित रहे।

# भीषण गर्मी में बढ़ी बिजली खपत, विभाग ने जारी की अपील

## - अनावश्यक उपकरण बंद रखें, ओवरलोड से बचें, उपभोक्ताओं से सहयोग की मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। भीषण गर्मी के चलते बिजली की मांग में लगातार बढ़ोतरी हो रही है, जिससे विद्युत व्यवस्था पर दबाव बढ़ गया है। इसी के मद्देनजर फ्रेंड्स कॉलोनी क्षेत्र के विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील करते हुए आवश्यक दिशा–निर्देश जारी किए हैं, ताकि विद्युत आपूर्ति को सुचारू बनाए रखा जा सके।

विभाग के अनुसार, अत्यधिक बिजली खपत के कारण विशेष रूप से रात के समय विभिन्न स्थानों पर फॉल्ट, केबल जलने, यूज उड़ने तथा आग लगने जैसी घटनाएं सामने आ रही हैं। इन समस्याओं के चलते कई इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित हो रही है, जिससे उपभोक्ताओं को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। विद्युत विभाग ने सभी उपभोक्ताओं से अनुरोध किया है कि वे इस भीषण गर्मी के दौरान केवल अत्यंत आवश्यक होने पर ही विद्युत उपकरणों का उपयोग करें। अनावश्यक रूप से चलने वाले उपकरणों को बंद रखें और घरों में भारी लोड वाले उपकरणों को एक साथ संचालित करने से बचें। ऐसा करने से न केवल बिजली व्यवस्था पर दबाव कम होगा, बल्कि फॉल्ट की संभावनाएं भी घटेंगी। विभाग ने यह भी बताया कि यदि उपभोक्ता सावधानी बरतेंगे तो उनका बिजली बिल भी कम आएगा और क्षेत्र में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी। अंत में विभाग ने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे जिम्मेदारी के साथ बिजली का उपयोग करें और विद्युत व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में सहयोग करें, ताकि सभी को बेहतर और निरंतर बिजली आपूर्ति मिल सके।

# हज यात्रियों का पहला जत्था मदीना के लिए रवाना



न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। हज कमेटी ऑफ इंडिया, भारत सरकार द्वारा लाइट का शेड्यूल पूर्व में घोषित कर चुकी है, मुख्य हज ट्रेनर हाजी आरिफ खांन (हज कमेटी ऑफ इंडिया, भारत सरकार) ने बताया कि सभी उड़ान स्थलों से उड़ान शुरू है, जिस क्रम में रविवार को उत्तर प्रदेश के समस्त जनपदों सहित बाँदा का पहला जत्था लखनऊ से मदीना के लिए लाइट द्वारा रवाना हुआ, जिसमे अब्दुल हमीद और उनकी पत्नी, फारूक हसन और उनकी पत्नी मौजूद थी। कल 27 अप्रैल को जनपद का दूसरा जत्था रवाना होगा, आज हज हॉउस, लखनऊ में उत्तर प्रदेश के समस्त जनपदों के हज ट्रेनर व स्टॉफ भी मौजूद रहे। इसमें प्रमुख रूप से हाजी आरिफ खांन, सैयद मोहम्मद आकिब, साकेब आलम, जहांगीर मोहम्मद आदि मौजूद रहे। सभी हज यात्री उड़ान तिथि से 24 घंटे पूर्व निर्धारित उड़ान स्थल पर पहुँचकर अपनी स्मार्ट वॉच और ट्रैवल डॉक्यूमेंट ले रहें हैं। लखनऊ से छठी लाइट रवाना हुई। प्रत्येक लाइट में 430 हाजी यात्री शामिल है। अधिक जानकारी के लिए हाजी आरिफ खान मुख्य हज ट्रेनर (हज कमेटी ऑफ इंडिया) से 9919887150 में संपर्क करें।

# अनुभव व मानवता का संगम : सूरदास सिंह की कार्यशैली बनी पहचान

### – कई जनपदों में छोड़ी छाप, जिले में दिखा असरदार नेतृत्व

### – सख्ती के साथ संवेदनशीलता, यही है सफल यातायात प्रबंधन की कुंजी

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद की यातायात व्यवस्था में आए व्यापक सुधार के पीछे यातायात प्रभारी सूरदास सिंह का अनुभवी और संतुलित नेतृत्व प्रमुख कारण माना जा रहा है। अपने लंबे कार्यकाल में कई जनपदों में यातायात प्रभारी के रूप में सेवाएं दे चुके सूरदास सिंह जहां भी तैनात रहे, वहां उन्होंने न केवल यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाया, बल्कि आमजन के बीच एक भरोसेमंद और प्रेरणादायक अधिकारी के रूप में पहचान बनाई। पूर्व में जिन जनपदों में उन्होंने कार्य किया, वहां की जनता आज भी उनकी कार्यशैली को सराहती



है। लोग उन्हें केवल एक सख्त अधिकारी के रूप में नहीं, बल्कि मानवता और सहयोग की भावना से कार्य करने वाले अधिकारी के रूप में याद करते हैं। जरूरतमंदों की सहायता, सड़क दुर्घटनाओं में त्वरित मदद और आमजन से संवाद उनकी कार्यशैली की विशेष पहचान रही है। इटावा में भी उनकी तैनाती के बाद यातायात व्यवस्था में उल्लेखनीय परिवर्तन देखने को मिला है। शहर के व्यस्त चौराहों पर जाम की समस्या में कमी आई है और यातायात अधिक व्यवस्थित हुआ है। उन्होंने सुनियोजित रणनीति के तहत नियमित चेकिंग अभियान, अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई और अवैध पार्किंग पर नियंत्रण जैसे ठोस कदम उठाए हैं। सूरदास सिंह का मानना है कि केवल चालान काटना ही समाधान नहीं है, बल्कि लोगों को जागरूक करना भी उतना ही जरूरी है। इसी सोच के तहत उन्होंने स्कूलों, कॉलेजों और सार्वजनिक स्थलों पर व्यापक जागरूकता अभियान चलाए। हेलमेट, सीट बेल्ट और ट्रैफिक नियमों के पालन को लेकर उन्होंने युवाओं और आम नागरिकों को प्रेरित किया, जिसका सकारात्मक असर भी देखने को मिल रहा है। उनकी कार्यशैली में सख्ती और संवेदनशीलता का संतुलन साफ झलकता है। नियम तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई के साथ–साथ जरूरतमंदों के प्रति सहयोग का भाव उन्हें अन्य अधिकारियों से अलग बनाता है। त्योहारों और विशेष अवसरों पर उन्होंने बेहतर यातायात प्रबंधन कर यह साबित किया है कि सही नेतृत्व और समन्वय से किसी भी चुनौती को अवसर में बदला जा सकता है। यातायात प्रभारी के रूप में सूरदास सिंह ने यह सिद्ध किया है कि अनुशासन, अनुभव और मानवता के समन्वय से ही एक आदर्श यातायात व्यवस्था स्थापित की जा सकती है। उनके कार्य न केवल इटावा बल्कि अन्य जनपदों के लिए भी एक प्रेरणा बनते जा रहे हैं।

# नेशनल मीडिया प्रेस क्लब में मासिक वर्चुअल बैठक सम्पन्न

### – जनपद में महासदस्यता अभियान का आगाज, संगठन मजबूती पर विशेष जोर

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। नेशनल मीडिया प्रेस क्लब के तत्वाधान में रविवार को अप्रैल माह की मासिक वर्चुअल मीटिंग अत्यंत गरिमामय एवं प्रभावी ढंग से संपन्न हुई। यह बैठक सत्र 2026–27 के नवगठित मनोनयन के उपरांत आयोजित पहली महत्वपूर्ण बैठक रही, जिसमें संगठन के भविष्य की दिशा और विस्तार को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक के दौरान पूर्व में नेशनल मीडिया प्रेस क्लब के चेयरमैन व राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देशानुसार जनपद में महासदस्यता अभियान प्रारंभ करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। इस अभियान के माध्यम से संगठन को जमीनी स्तर तक विस्तारित करते हुए अधिक से अधिक पत्रकारों, अधिवक्ताओं एवं समाजसेवियों को जोड़ने की रणनीति बनाई गई।



पदाधिकारियों ने संकल्प लिया कि अभियान को व्यापक स्तर पर सफल बनाते हुए संगठन को और अधिक मजबूत एवं प्रभावशाली बनाया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष शाह आलम वारसी ने सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को संबोधित करते हुए संगठन की मजबूती पर विशेष बल दिया। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि जनपद एवं तहसील स्तर की सभी इकाइयां अपनी सक्रियता को बढ़ाएं और संगठनात्मक गतिविधियों में निरंतर भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि प्रत्येक पदाधिकारी अपने पद की गरिमा बनाए रखते हुए कार्य करे। किसी भी प्रकार के दुरुपयोग से सख्ती से बचे। साथ ही उन्होंने सभी सदस्यों को यह निर्देश दिया कि वे जहां भी संगठनात्मक कार्य हेतु जाएं, अपना आई–कार्ड अनिवार्य रूप से साथ रखें, जिससे संगठन की पहचान एवं विश्वसनीयता बनी रहे। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि 27 अप्रैल को नवागत जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक से शिष्टाचार भेंट का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस दौरान संगठन के प्रतिनिधि जनपद से जुड़े विभिन्न जनहित के मुद्दों को प्रशासन के समक्ष रखेंगे तथा सकारात्मक संवाद स्थापित करेंगे। पूरी बैठक राष्ट्रीय संगठन मंत्री जागेश्वर फौजी के कुशल मार्गदर्शन एवं देखरेख में सम्पन्न हुई, जबकि अध्यक्षता जिला अध्यक्ष श्री शाह आलम वारसी ने की। बैठक का संचालन जिला महासचिव फुजैल खान द्वारा अत्यंत सुव्यवस्थित एवं प्रभावी तरीके से किया गया, जिससे पूरी कार्यवाही सुचारु रूप से आगे बढ़ी। इस अवसर पर संगठन के कई प्रमुख पदाधिकारी एवं सदस्य वर्चुअल माध्यम से उपस्थित रहे, जिनमें शराफत खान, विवेक कुमार सैनी, मोहम्मद हारून, गुलाब हुसैन, संतोष कुमार, फाजिल अंसारी, शिवकरन सिंह, अतुल कुमार, अजय सिंह, रामदेव गुप्ता, हुमैर अख्तर, लव सिंह, गुफरान अयूब, आशीष कुमार, अरविंद कुमार गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी एवं सम्मानित सदस्यगण शामिल रहे। सभी ने अपने–अपने विचार साझा करते हुए संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया। अंत में बैठक की कार्यवाही पूर्ण होने पर जिलाध्यक्ष शाह आलम वारसी द्वारा आधिकारिक रूप से बैठक समाप्ति की घोषणा की गई। इसके साथ ही संगठन को और अधिक सशक्त, सक्रिय एवं प्रभावशाली बनाने के सामूहिक संकल्प के साथ बैठक का समापन हुआ।

# दीक्षांत परेड में 483 महिला आरक्षियों ने ली सेवा की शपथ

### – शानदार मार्च पास्ट से गूंजा पुलिस लाइन, उत्कृष्ट कैडेट हुए सम्मानित

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। रिजर्व पुलिस लाइन के परेड ग्राउंड में शनिवार को भव्य दीक्षांत परेड समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें 483 महिला प्रशिक्षु पुलिस आरक्षियों ने सफलतापूर्वक अपना प्रशिक्षण पूर्ण कर कर्तव्य पथ पर कदम बढ़ाया। पूरे समारोह में अनुशासन, जोश और राष्ट्रभक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। समारोह में पुलिस उपमहानिरीक्षक हरीश चन्द्र (कानपुर परिक्षेत्र), जिला जज रजत कुमार जैन और जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा अतिथियों के स्वागत से हुई, जिसके बाद मुख्य अतिथियों ने परेड का निरीक्षण किया। इसके बाद महिला आरक्षियों ने कदम–से–कदम मिलाते हुए शानदार मार्च पास्ट प्रस्तुत किया, जिसने सभी उपस्थित अधिकारियों, अतिथियों और दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समारोह के दौरान लगभग एक हजार से अधिक परिजन भी मौजूद रहे, जिन्होंने अपने परिवार की बेटियों को खाकी वर्दी में देखकर गर्व महसूस किया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि पुलिस की वर्दी केवल एक पोशाक नहीं, बल्कि समाज के विश्वास और सुरक्षा का प्रतीक है। उन्होंने नई आरक्षियों से ईमानदारी, संवेदनशीलता और कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संदेश का सजीव प्रसारण भी किया गया, जिसमें उन्होंने पुलिस बल को आधुनिक, संवेदनशील और अपराध के प्रति सख्त रहने की प्रेरणा दी। समारोह के अंतिम चरण में सभी महिला आरक्षियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण के साथ ही प्रशिक्षुओं ने देश के संविधान के प्रति निष्ठा और जनसेवा के लिए समर्पण का संकल्प लिया। प्रशिक्षण के नौ माह के दौरान इन आरक्षियों ने आधुनिक हथियार संचालन, कानून एवं मानवाधिकार, साइबर अपराध, फॉरेंसिक जांच, भीड़ नियंत्रण और आपदा प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों में दक्षता हासिल की। समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली आरक्षियों को सम्मानित किया गया। सर्वश्रेष्ठ कैडेट का पुरस्कार रुबी को मिला, इंडोर अध्ययन में प्रथम स्थान मिनी राज प्रभा ने प्राप्त किया, जबकि आउटडोर परेड में प्रथम स्थान स्वेता मिश्रा ने हासिल किया। स्वेता मिश्रा को प्रथम परेड कमांडर, अर्चना को द्वितीय और प्रीति को तृतीय परेड कमांडर की जिम्मेदारी दी गई। परेड के अंत में अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभयनाथ त्रिपाठी को उनके बेहतर नेतृत्व के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के समापन पर सभी अतिथियों और उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में परिजन उपस्थित रहे।

# जनपदीय पुलिस की सख्त कार्रवाई, सात अभियुक्त गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद में कानून–व्यवस्था बनाए रखने एवं आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से जनपदीय पुलिस द्वारा व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में विभिन्न थाना क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए कुल 7 अभियुक्तों को गिरतार किया गया। थाना फ्रेण्ड्स कॉलोनी पुलिस ने धारा 170, 126, 135 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई करते हुए पांच अभियुक्तों को गिरतार किया। गिरतार अभियुक्तों में विकास पुत्र रामनरेश, शनी कुमार पुत्र जगजीवन राम, राकेश कुमार पुत्र राजकुमार निवासीगण हिन्नापुर थाना कुदरकोट जनपद औरैया, देवेन्द्र कुमार पुत्र स्वर्गीय रामरतन निवासी जुगरामऊ तथा कमलेश कुमार पुत्र रामसनेही निवासी तुलसी नगर थाना फ्रेण्ड्स कॉलोनी शामिल हैं। वहीं थाना बलरई पुलिस ने भी इसी क्रम में कार्रवाई करते हुए धारा 170, 126, 135 बीएनएसएस के तहत दो अभियुक्तों को गिरतार किया। इनमें नेपाली पुत्र श्यामबाबू एवं अंशु पुत्र शिवलेश निवासी ग्राम जुगौरा थाना बलरई शामिल हैं। पुलिस द्वारा सभी अभियुक्तों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जा रही है। इस अभियान के तहत जनपद पुलिस लगातार सक्रिय रहकर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रभावी कदम उठा रही है।

# मादक पदार्थ तस्करी का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार

### - एक कुंतल से अधिक गांजा बरामद, वाहन भी जब्त



न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए चार अभियुक्तों को गिरतार कर उनके कब्जे से एक कुंतल दो किलोग्राम गांजा बरामद किया है, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 25 लाख रुपये बताई जा रही है। इसके साथ ही एक टीयूवी कार, एक अपाचे मोटरसाइकिल और एक स्कूटी भी बरामद कर सीज की गई है। यह कार्रवाई अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र के निर्देशन तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में एसओजी, सर्विलांस टीम और थाना सिविल लाइन पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से की गई। जानकारी के अनुसार 25/26 अप्रैल की रात पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त कर रही थी, तभी सूचना मिली कि एक कार में सवार चार व्यक्ति कचौरा रोड की ओर आ रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने कचौरा रोड पर वाहन चेकिंग शुरू की। इसी दौरान एक संदिग्धा कार को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन कार सवार भागने लगे। पुलिस ने घेराबंदी कर कचौरा रोड स्थित पैराडाइज होटल के पास से चारों को गिरतार कर लिया। तलाशी के दौरान अभियुक्तों के पास से 01 कुंतल 2 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में उन्होंने बताया कि वे गांजे को छोटे–छोटे पैकेटों में बांटकर आसपास के क्षेत्रों में फुटकर विक्रेताओं को बेचते थे। इस संबंध में थाना सिविल लाइन पर मुकदमा संख्या 59/2026 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के3 तहत मामला दर्ज किया गया है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। गिरतार अभियुक्तों में शाहरूख निवासी पुराना मेवाती मोहल्ला थाना कोतवाली, सौरभ यादव एवं ऋषि यादव निवासी नगला अजीत थाना इकदिल तथा भारत सिंह कुशवाहा निवासी बेरीखेड़ा थाना बकेवर शामिल हैं। इनमें से सौरभ यादव और भारत सिंह कुशवाहा के विरुद्ध विभिन्न थानों में कई आपराधिक मामले पहले से दर्ज हैं। बरामद वाहनों को मोटर वाहन अधिनियम के तहत सीज कर दिया गया है। कार्रवाई में शामिल पुलिस टीम में प्रभारी एसओजी, निरीक्षक अतुल कुमार सिंह (प्रभारी सर्विलांस), मुख्य आरक्षी कुलदीप, दुष्यन्त, धर्मेन्द्र कुमार, आरक्षी अंकित, आनंद, सुरजीत, अनुज तथा थाना सिविल लाइन के प्रभारी निरीक्षक .ष्ण कुमार मिश्रा, उपनिरीक्षक राजेश, उपनिरीक्षक संजय यादव, आरक्षी गोपाल पाठक, दीपक कुमार, अनिकेत और ओमवीर शामिल रहे। इस सराहनीय कार्य के लिए पुलिस टीम को वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए 25 हजार रुपये से पुरस्कृत किया गया है।

# 14 साल की नाबालिग की शादी रुकवाई, बारात से पहले पहुंची टीम

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। चौबिया थाना क्षेत्र के एक गांव में 14 वर्षीय नाबालिग बालिका की शादी को बाल संरक्षण टीम और पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए रुकवा दिया। यह कार्रवाई उस समय हुई जब



शादी की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी थीं और बारात आने ही वाली थी। जानकारी के अनुसार बालिका की शादी सैफई थाना क्षेत्र के 25 वर्षीय युवक से कराई जा रही थी, जो पहले से विवाहित था और उसकी पत्नी की मृत्यु हो चुकी है। वह एक बच्चे का पिता भी है। गांव में शादी का माहौल था, भोजन की व्यवस्था चल रही थी और पारंपरिक रस्में पूरी की जा रही थीं। बालिका को हल्दी लगाई जा चुकी थी और हाथों में कंकन भी बंध चुका था। इसी दौरान चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर मिली सूचना के आधार पर बाल संरक्षण विभाग सक्रिय हुआ। बाल संरक्षण अधिकारी सोहन गुप्ता के नेतृत्व में जिला समन्वयक कीर्ति गुप्ता, केस वर्कर अर्पित, एएचटीयू प्रभारी प्रेमचंद यादव, कांस्टेबल रफीक अहमद और महिला कांस्टेबल प्रीती की टीम मौके पर पहुंची। थाना चौबिया पुलिस भी तत्काल हरकत में आई और उपनिरीक्षक मानसिंह व कांस्टेबल रवि को टीम के साथ भेजा गया। संयुक्त टीम ने गांव पहुंचते ही शादी की रस्मों को रुकवा दिया और बारात आने से पहले ही नाबालिग बालिका को सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया। इसके बाद उसे जिला मुख्यालय लाया गया, जहां उसका चिकित्सीय परीक्षण कराया जा रहा है। आगे की प्रक्रिया के तहत बालिका को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। इस अचानक कार्रवाई से शादी की पूरी तैयारियां धरी रह गईं। मामले में संबंधित लोगों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है। बाल संरक्षण विशेषज्ञ प्रेम कुमार शाक्य ने बताया कि नाबालिग बालिका का विवाह कानूनन अपराध है और बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के तहत इसके लिए सख्त सजा का प्रावधान है।

# साइबर ठग गिरोह का पर्दाफाश, चार सगे भाई गिरफ्तार

### - 91 लाख से अधिक की बरामदगी, पुलिस टीम को मिला पुरस्कार

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद में साइबर अपराध के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत इटावा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गिरोह बनाकर साइबर ठगी करने वाले चार शातिर अभियुक्तों को गिरतार किया है। ये सभी आपस में सगे भाई हैं और ऑनलाइन माध्यम से लोगों को ठगकर धनराशि को अवैध ऑनलाइन गेमिंग और निवेश प्लेटफार्मों के जरिए घुमाते थे। पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई में कुल 91,18,042 रुपये की धनराशि बरामद की गई है, जिसमें 30,60,000 रुपये नकद तथा विभिन्न खातों और निवेश माध्यमों में जमा 60,58,042 रुपये शामिल हैं। संबंधित खातों में जमा धनराशि को होल्ड कराने की कार्रवाई भी कराई गई है। यह कार्रवाई अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र के निर्देशन तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में थाना बसरेहर और थाना वैदपुरा पुलिस टीम द्वारा संयुक्त रूप से की गई। 25/26 अप्रैल की रात्रि में पुलिस टीम संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान दो मोटरसाइकिलों पर सवार चार युवक आते दिखाई दिए। पुलिस द्वारा रोकने का प्रयास करने पर वे भागने लगे, लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर लोहिया नहर पुल के पास उन्हें गिरतार कर लिया। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि वे साइबर ठगी से प्राप्त धन को सीधे अपने खातों में न लेकर पहले अलग–अलग खातों में स्थानांतरित करते थे, जिससे धन के स्रोत को छिपाया जा सके। इसके बाद उस धन को ऑनलाइन सट्टेबाजी एवं गेमिंग एप में लगाकर अधिक धन अर्जित करते थे। कमाई गई राशि को वे अपने खातों में वापस स्थानांतरित कर नकद निकाल लेते थे या क्रिप्टोकरेंसी एवं डिजिटल सोने में निवेश कर देते थे। गिरतार अभियुक्तों में सतीश कुमार उर्फ मनीष, हरिओम, अखिलेश कुमार एवं अजीत कुमार शामिल हैं, जो थाना बसरेहर क्षेत्र के निवासी हैं। मुख्य अभियुक्त सतीश कुमार के विरुद्ध राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल पर विभिन्न राज्यों में 20 शिकायतें दर्ज हैं, जिनमें दो मामलों में प्राथमिकी भी दर्ज है। बरामदगी में नकद धनराशि के अतिरिक्त 9 मोबाइल फोन, 19 एटीएम कार्ड, विभिन्न बैंकों की पासबुक, चेकबुक, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, ई–श्रम कार्ड, अन्य दस्तावेज एवं दो मोटरसाइकिलें शामिल हैं। गिरतारी करने वाली पुलिस टीम में थाना बसरेहर के थानाध्यक्ष सौरभ सिंह, आरक्षी अभिषेक चौधरी, आरक्षी धर्मवीर, आरक्षी सुखदेव, आरक्षी अरविंद, आरक्षी अनूप तथा चालक अंकुर चौधरी शामिल रहे। वहीं थाना वैदपुरा के थानाध्यक्ष नागेन्द्र सिंह अपनी टीम के साथ कार्रवाई में सम्मिलित रहे। इस सराहनीय



कार्य के लिए अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी सैफई के नेतृत्व की सराहना करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस टीम को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया तथा उत्साहवर्धन हेतु 25,000 रुपये का पुरस्कार भी दिया गया है। पुलिस द्वारा अभियुक्तों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# सुन्नी काजी-ए-शहर से मिले पूर्व मंत्री नसीम उद्दीन

## – मुफ्ती शहाबुद्दीन को सौंपी कुरआन, समाज को सही मार्गदर्शन देने का आहवान

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। एक दिवसीय जनपद भ्रमण पर आए सपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री नसीम उद्दीन सिद्दीकी सुन्नी काजी–ए–शहर मुफ्ती शहाबुद्दीन के आवास पहुंचे और मुलाकात की। उन्होने काजी–ए–शहर को कुरआन सौंपी और समाज को सही मार्गदर्शन देने का आहवान किया। पूर्व मंत्री नसीम उद्दीन सिद्दीकी ने कहा कि यह पद केवल सम्मान ही नहीं बल्कि बड़ी जिम्मेदारी भी है, जिसे मुती शहाबुद्दीन पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ



निभाएंगे। उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में समाज में भाईचारा, एकता और सामाजिक मजबूती को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा कि सुन्नी काज़ी–ए–शहर का पद समाज को सही मार्गदर्शन देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और मुती शहाबुद्दीन इस जिम्मेदारी पर पूरी तरह खरे उतरेंगे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने एक स्वर में भरोसा जताया कि मुती शहाबुद्दीन के नेतृत्व में शहर का मुस्लिम समाज और अधिक संगठित होगा। धार्मिक व सामाजिक मामलों में बेहतर दिशा प्राप्त करेगा। इस मौके पर शाहनवाज़ अनवर, हाजी फरीद, शोएब खान एडवोकेट, मोहम्मद फुरकान, तनवीर अहमद, रईस, निसार एडवोकेट, हाफिज शाहिद, हाफिज अखलाक, कारी शरीफ, हाजी यूसुफ, सय्यद गालिब हैदर, ऐनुल हसन, तौसीफ आदि मौजूद रहे।

# नाबालिग को भगाने वाले बिहार के युवक को पुलिस ने दबोचा

## – अपहृता सकुशल बरामद, 24 घंटे के भीतर आरोपी सलाखों के पीछे

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। जिले में नाबालिग लड़कियों के अपहरण के मामलों पर सख्ती दिखा रही सुल्तानपुर घोष पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए अपहृत किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया। वहीं उसे बहला–फुसलाकर भगाकर ले जाने वाले बिहार निवासी युवक को भी गिरतार कर जेल भेज दिया गया। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मचा रहा। बताया जा रहा है कि थाना सुल्तानपुर घोष में दर्ज अपहरण के मुकदमे में पुलिस लगातार दबिश दे रही थी। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे अपराधियों की धरपकड़ अभियान के दौरान टीम ने शुक्रवार को नाबालिग अपहृता को सुरक्षित बरामद कर लिया। इसके साथ ही मामले में वांछित चल रहे आरोपी अमन कुमार को भी गिरतार कर लिया गया। आरोपी बिहार के समस्तीपुर जनपद का रहने वाला है और किशोरी को अपने साथ ले गया था। पुलिस के मुताबिक आरोपी के खिलाफ अपहरण व अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज था। बरामदगी के बाद किशोरी को आवश्यक कार्रवाई के लिए संरक्षण में लिया गया, जबकि आरोपी को शनिवार को न्यायालय में पेश कर दिया गया। इस पूरी कार्रवाई को थाना सुल्तानपुर घोष पुलिस टीम ने तेजी और सतर्कता के साथ अंजाम दिया। पुलिस का कहना है कि जनपद में महिला अपराध और नाबालिगों से जुड़े मामलों में किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा।

# मार्ग दुर्घटनाओं में आधा दर्जन घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद के अलग–अलग थाना क्षेत्रों के अर्न्तगत हुए सड़क हादसों के दौरान महिला समेत लगभग आधा दर्जन लोग घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार जाफरगंज थाना क्षेत्र के मोहारी गांव निवासी संतोष की 24 वर्षीय पत्नी सुभानी अपने देवर नितिन के साथ मायके जा रही थी। जैसे ही यह लोग थाना क्षेत्र के ही गढी के पास पहुंचे तभी अचानक चलती बाइक से गिरकर महिला घायल हो गयी। उधर गाजीपुर थाना क्षेत्र के करसवां गांव निवासी स्व0 शिवनाथ का 65 वर्षीय पुत्र अमर सिंह गांव के ही हनुमंत सिंह के साथ थरियांव थाना क्षेत्र के अर्न्तगत निमंत्रण पर गया था। बताते है कि सुबह पहर दोनो पैदल रोड़ पर घूम रहे थे। तभी अज्ञात चार पहिया ने अमर सिंह टक्कर मार दिया। जिससे वह घालय हो गया। उधर हुसैनगंज थाना क्षेत्र के मटियारा गांव निवासी स्व0 शिवनाथ का 30 वर्षीय पुत्र विनोद कुमार बाइक से शहर आ रहा था। तभी लखनऊ बाईपास के समीप अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दिया। जिससे वह घायल हो गया। उधर गाजीपुर थाना क्षेत्र के शाह निवासी अजय पाल का 45 वर्षीय पुत्र मोहन लाल यादव दूध विक्रेता है। बताते हैं कि शनिवार की शाम दूध देकर घर वापस आ रहा था। तभी राधानगर थाना क्षेत्र के सैय्यद बाबा चौराहा के पास चार पहिया ने टक्कर मार दिया। जिससे वह घायल हो गया। सूचना पाकर मौके में सरकारी एम्बुलेंस ने सभी घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।




# प्राइवेट विद्यालयों के खिलाफ मोर्चा खोलेगा पूर्व सैनिक संगठन

## - जल्द ही डीएम-एसपी से मिलकर दिया जाएगा ज्ञापन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। पूर्व सैनिक उत्थान एवं लोक कल्याण समिति की महिला शाखा की बैठक दक्षिणी गौतम नगर में सुमन सिंह मौर्य की अध्यक्षता में संपन्न हुई। सर्वप्रथम पद्म विभूषण से सम्मानित पार्श्व गायिका आशा भोसले को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। इसके पश्चात महिला अध्यक्ष जागृति तिवारी ने बताया कि प्राइवेट विद्यालयों में हर प्रकार से लूट की जा रही है। चाहे वह स्कूल यूनिफॉर्म हो कॉपी किताबों का मामला हो या विद्यालय ले जाने के लिए प्राइवेट बसों का मामला हो। काफी विद्यालयों की बसों की स्थिति इतनी जर्जर और खराब है तथा जो उनके ड्राइवर हैं उनको गाड़ी चलाने का कितना अनुभव है इस पर कोई ध्यान नहीं देता और दलालों से ड्राइविंग लाइसेंस किसी भी प्रकार से बनवाया जा सकता है यह तो जग जाहिर है। इसके अतिरिक्त प्राइवेट बसों में क्षमता से ज्यादा विद्यार्थियों को खड़े होकर भी जाना पड़ता है। बसों की फिटनेस का बिल्कुल ध्यान नहीं रखा जाता। न ही उनका पॉल्यूशन चेक होता है न ही आरटीओ ऑफिस से फिटनेस। इसके अलावा तमाम विद्यालय छोटी–छोटी वैन में बच्चों को ठूंस ठूंस कर भरा जाता है। उनके बैग गाड़ी के ऊपर लाद दिए जाते हैं और बच्चों की गोद में बच्चे बैठा दिए जाते हैं। यहां



तक कि कई विद्यालय तो घर से विद्यालय तक ई–रिक्शा से बच्चों को बुलाते हैं जोकि छोटे–छोटे बच्चों के साथ घोर अन्याय है। चौराहे पर तैनात पुलिस वाले भी अपनी आंखें बंद करके ऐसी गाड़ियों का चलन तक नहीं करते। शीघ्र ही इस प्रकरण को जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के संज्ञान में दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त महिलाओं की समस्या सुनी गई और उनका निराकरण करने का प्रयास किया गया। इस अवसर पर मधुलता यादव, नीलम देवी, साधना सिंह, सुनिशा यादव, सरोज शर्मा, सुमन सिंह एडवोकेट, पुष्पलता तिवारी, मंजूलता देवी, मीरा देवी, अर्चना गुप्ता आदि रही।

# एलाऊ में सपा का पीडीए प्रहरी कार्यकर्ता सम्मेलन

न्यूज वाणी ब्यूरो/एलाऊ। ब्लॉक जागीर क्षेत्र के कुसमरा मैनपुरी रोड स्थित एलाऊ गांव के समीप एमएस गार्डन में रविवार दोपहर पीडीए प्रहरी एवं कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पहुंची मुख्य अतिथि मैनपुरी सांसद डिंपल यादव का कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। सपा सांसद डिंपल यादव ने कहा कि नेता जी की कार्यशैली बेहद अनूठी थी। मुझे नहीं लगता कि आज तक देश में उनके जैसा कोई नेता हुआ होगा। नेता जी हमेशा जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं के बीच रहे और उनकी समस्याओं को प्राथमिकता दी। समाजवादी पार्टी एक परिवार की तरह है, और सभी कार्यकर्ताओं को उसी भावना के साथ मिलकर मजबूती से काम करना चाहिए। उन्होंने अपील की कि कोई भी वोटर छूटना नहीं चाहिए। यदि कोई अभी तक जुड़ा नहीं है, तो उसे जोड़ने का प्रयास किया जाए, ताकि संगठन और अधिक मजबूत हो सके। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे बूथ स्तर तक अपनी पकड़ मजबूत करें और जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को समझें और समाधान के लिए संघर्ष करें। उन्होंने यह भी कहा कि संगठन की मजबूती ही चुनावी सफलता की कुंजी होती है।

# लू का कहर : 43 डिग्री पर तपा शहर, घरों में दुबके लोग

## – रविवार को सड़कों पर पसरा सन्नाटा, धूप में थम गई शहर की रफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। अप्रैल के अंतिम तब्दील हो गया। दोपहर होते–होते तापमान 43 डिग्री



दौर में गर्मी ने रविवार को ऐसा विकराल रूप दिखाया कि पूरा जनपद मानो आग की भट्ठी में सेल्सियस के पार पहुंच गया, जबकि गर्म हवाओं और लू के थपेड़ों ने लोगों का घरों से निकलना मुश्किल कर दिया। रविवार को शहर के प्रमुख बाजार, चौराहे और मार्गों पर दिनभर कर्यू जैसा सन्नाटा पसरा रहा। आम दिनों में चहल–पहल से गुलजार रहने वाली सड़कें सूनी दिखीं और जरूरी कामकाज वाले लोग ही मुंह ढंककर घरों से बाहर निकले। चिलचिलाती धूप ऐसी बरसी कि कुछ मिनट खड़े रहना भी दूभर हो गया। दोपहर बाद लू की रतार और तेज हो गई, जिससे लोग छांव और ठंडे स्थान तलाशते नजर आए। तेज धूप के कारण घरों में कूलर–पंखे भी बेअसर साबित होते रहे। मोहल्लों में बच्चे बाहर नहीं निकले तो वहीं बुजुर्गों ने पूरे दिन घर के भीतर रहकर गर्मी से बचाव किया। शाम ढलने के बाद भी गर्म हवाओं का असर कम नहीं हुआ और लोग पसीने से तरबतर बेहाल दिखे। भीषण गर्मी का असर सिर्फ इंसानों पर ही नहीं, पशु–पक्षियों पर भी साफ दिखाई दिया। सड़क किनारे मवेशी पेड़ों की छांव में सुस्ताते रहे तो पक्षी पानी की तलाश में इधर–उधर भटकते नजर आए। हैंडपंपों और सार्वजनिक नलों पर भी पानी भरने वालों की भीड़ रही। मौसम के जानकारों का कहना है कि अप्रैल के अंतिम दिनों में सूर्य की तपिश और पश्चिमी गर्म हवाओं के चलते आने वाले दिनों में भी राहत के आसार कम हैं। ऐसे में दोपहर के समय बाहर निकलना लोगों के लिए चुनौती बना रहेगा।

# भारत के शौर्य स्वरूप को दर्शाने वाला एपीसोड : अन्नू श्रीवास्तव

## - भाजपाईयों ने सुनी पीएम मोदी के मन की बात

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम में भारत के सामरिक स्वायत्तता को लेकर सिविल न्यूक्लियर प्रोग्राम जैसे महत्वपूर्ण विषय का उल्लेख किया गया। उन्होने कहा कि देश के वैज्ञानिक सामर्थ्य, अनुसंधान उत्कृष्टता एवं आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को नई प्रेरणा देने वाले हैं, भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव द्वारा मनकी बात कार्यक्रम के 133 वें संस्करण को विधानसभा बिंदकी के अंतर्गत बूथ संख्या 329, कोराई में कार्यकर्ताओं एवं आमजन के साथ श्रवण किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव ने कहा कि कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री ने देश के विकास, जनभागीदारी, नवाचार, स्वच्छता, आत्मनिर्भरता एवं समाज के विभिन्न प्रेरणादायी विषयों पर अपने विचार साझा किए। उनके प्रेरक उद्बोधन से उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों में राष्ट्र निर्माण के प्रति नई ऊर्जा एवं उत्साह का संचार हुआ है। तमिलनाडु के कलपक्कम में फास्ट ब्रीडर रिएक्टर द्वारा क्रिटिकेलटी को हासिल करना, राष्ट्र की तकनीकी क्षमता, अनुसंधान कौशल और न्यूक्लियर एनर्जी के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि का जीवंत प्रमाण है। सिविल न्यूक्लियर प्रोग्राम के आगे बढ़ने से न केवल ऊर्जा, औद्योगिक विकास और स्वास्थ्य क्षेत्र सशक्त हो रहे हैं, बल्कि .षि एवं नवाचार के क्षेत्र में भी नए आयाम स्थापित हो रहे हैं। प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत का नागरिक



परमाणु कार्यक्रम, राष्ट्र निर्माण की दिशा में निरंतर नई ऊंचाइयों को स्पर्श कर रहा है। जिला मीडिया प्रभारी प्रवीण सिंह ने बताया कि आज के एपिसोड में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2027 की भारत की जनगणना के पूर्ण डिजिटलीकरण पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में जिला संयोजक के रूप में जिला उपाध्यक्ष नीरज सिंह द्वारा दायित्व निर्वहन किया गया। जिले के सभी बूथों, शक्ति केंद्र के साथ ही मंडलों व जिला पदाधिकारियों के साथ ही आम नागरिकों द्वारा कार्यक्रम को सुना व देखा गया।

# किसान की बेटी मोनिका ने संस्कृत बोर्ड परीक्षा में पाया दूसरा स्थान

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्.त शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित वर्ष 2026 की पूर्व मध्यमा द्वितीय वर्ष कक्षा 10 वीं की परीक्षा में श्री पगलेष्वर संस्.त माध्यमिक विद्यालय, करेरा तपनी की छात्रा मोनिका देवी ने कीर्तिमान स्थापित किया है। मोनिका ने 81 प्रतिशत अंक अर्जित कर न केवल विद्यालय में प्रथम, बल्कि पूरे जनपद में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। छात्रा की इस ऐतिहासिक उपलब्धि से क्षेत्र और विद्यालय परिवार में हर्ष की लहर है। मोनिका देवी की यह सफलता उनकी कड़ी मेहनत और अटूट लगन का प्रतिफल है। खजुआ विकास खंड के ग्राम रुरवा दौलतियापुर (बनियानी) के निवासी किसान शिवमंगल की पुत्री मोनिका के पास संसाधनों का नितांत अभाव था। कक्षा 8 के बाद एक समय ऐसा भी आया जब संसाधनों की कमी के कारण उनकी शिक्षा बंद होने की कगार पर थी, लेकिन पुत्री के जज्बे को देखते हुए




माता–पिता ने हिम्मत जुटाई और उनका प्रवेश श्री पगलेष्वर संस्.त माध्यमिक विद्यालय में कराया। मोनिका ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता–पिता और गुरुजनों के कुशल मार्गदर्शन को दिया है। संस्थान की अन्य छात्राओं ने भी उत्.ष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का मान बढ़ाया है। कक्षा 10 वीं में रितिका एवं दिव्या देवी ने 75 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में दूसरा स्थान, जबकि प्रियंका देवी एवं प्रिया देवी ने 73 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं, उत्तर मध्यमा द्वितीय वर्ष (कक्षा 12वीं) में ज्योति देवी ने विद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि मोनी देवी दूसरे और अंशु तीसरे स्थान पर रहीं। परीक्षा परिणाम घोषित होने के उपरांत विद्यालय परिसर में एक भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। विद्यालय के प्रबंधक आलोक कुमार सिंह ने मेधावी छात्रा मोनिका देवी को माल्यार्पण कर, मिठाई खिलाई और उपहार भेंट कर सम्मानित किया। कार्यवाहक प्रधानाचार्य श्री रमानाथ द्विवेदी ने छात्राओं के परिश्रम की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर विद्यालय के मंत्री शिव कुमार सिंह, करेरा ग्राम प्रधान धर्मेंद्र सिंह, कमलकांत त्रिवेदी, सर्वेश कुमार, चिंतामणि और अजीत कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। साथ ही शिक्षक ओमदत्त द्विवेदी, प्रिया साहू, उर्मिला त्रिपाठी और रुचि देवी ने भी छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# गौशाला में भूसा-चारा प्रबंध हेतु सभी अधिशासी अधिकारियों को दिए निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। अपर जिलाधिकारी/प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय सत्यप्रिय सिंह की अध्यक्षता में जनपद के समस्त नगर निकायों मे स्वच्छ सर्वेक्षण 2025–26 एवं निकायों द्वारा कराए गए कार्यों की समीक्षा बैठक अपर जिलाधिकारी कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी ने समस्त अधिशासी अधिकारियों को स्वच्छ सर्वेक्षण 2025–26 के .ष्टिगत जनपद की समस्त नगरीय निकायों द्वारा घर–घर कचरा संग्रहण, कचरा पृथक्करण (गीला–सूखा), शौचालयो की साफ सफाई और सार्वजनिक स्थानों की स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने हेतु कड़ा निर्देश दिया। समस्त अधिशासी अधिकारी शासन की समस्त योजनाओं को शत प्रतिशत पूर्ण करने हेतु निर्देश दिए गए। निकायों द्वारा कर एवं करेंत्तर देयों की वसूली शत प्रतिशत करने इसके अलावा 15वां वित्त एवं अवस्थापना निधि से स्वी.त कार्यों ससमय पूर्ण कराने के निर्देश दिए। वंदन योजना, मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना, मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना, पंडित दीनदयाल नगर विकास योजना एवं आकांक्षी योजना सहित अन्य योजनाओं के अंतर्गत स्वी.त कार्यों के प्रगति की समीक्षा की गई। कूड़ा निस्तारण हेतु समस्त अधिशासी अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए कि किसी भी दशा में कूड़ा एवं साफ–सफाई मे लापरवाही न हो अन्यथा की स्थिति में संबंधित अधिशासी अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी। निराश्रित गोवंश के लिए गौशाला में भूसा–चारा आदि के प्रबंध हेतु समस्त अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 एवं पीएम स्वनिधि योजना की समीक्षा की गई। सभी निकायों में पालीथिन जब्ती एवं जागरूकता अभियान चलाए जाने हेतु कड़े निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान समस्त अधिशासी अधिकारी एवं पीओ डूडा उपस्थित रहे।

# भैंस चोरी का खुलासा, दो अभियुक्त गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बकेवर पुलिस ने भैंस चोरी की घटना का सफल खुलासा करते हुए दो अभियुक्तों को गिरतार



किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से एक पिकअप वाहन, अवैध असलहा, कारतूस, चाकू तथा नकद धनराशि बरामद की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना बकेवर क्षेत्र के नागरी लोलपुर निवासी देवेन्द्र कुमार ने 20 अप्रैल 2026 की रात उनकी दो भैंसों की चोरी होने की सूचना पुलिस को दी थी। इस पर थाना बकेवर में मुकदमा संख्या 109/2026 धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पुलिस टीम लगातार आरोपियों की तलाश में जुटी थी। इसी क्रम में 25/26 अप्रैल की रात थाना बकेवर पुलिस निवाड़ी कला से गुलाबपुरा जाने वाली सड़क पर वाहन चेकिंग कर रही थी। तभी एक पिकअप वाहन को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन वाहन सवार आरोपियों ने पुलिस पर गाड़ी चढ़ाने की कोशिश करते हुए भागने का प्रयास किया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को गिरतार कर लिया। पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान सत्यम खटीक निवासी अहेरीपुर और रनवीर सिंह निवासी मेंहदीपुर थाना बकेवर के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उनके पास से एक तमंचा 315 बोर, दो जिंदा कारतूस, एक अवैधा चाकू और 23,500 रुपये नकद बरामद हुए। पूछताछ में दोनों ने स्वीकार किया कि उन्होंने 20 अप्रैल को भैंस चोरी की थी और उन्हें बेचकर प्राप्त धनराशि में से यह रकम शेष बची है। बरामद पिकअप वाहन को मोटर वाहन अधिनियम के तहत सीज कर दिया गया है। इस मामले में थाना बकेवर पर एक अन्य मुकदमा संख्या 110/2026 धारा 109/317(2) बीएनएस तथा 3/25, 4/25 आर्म्स एक्ट के तहत भी अभियोग पंजी.त किया गया है। इस कार्रवाई को थाना बकेवर के थानाध्यक्ष विपिन मलिक, उपनिरीक्षक अंकित पटेल, उपनिरीक्षक रजनीश कुमार तिवारी और उनकी टीम द्वारा अंजाम दिया गया। पुलिस द्वारा गिरतार अभियुक्तों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जा रही है।



# संदिग्ध हालात में मजदूर की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जाफरगंज थाना क्षेत्र के सुल्तानगढ़ मजरे श्यामपुर गांव में रविवार सुबह एक मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और 112 डायल कर घटना की सूचना दी सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना का निरीक्षण कर पारिवारिक जनों से जानकारी लिया। वहीं जाफरगंज पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान 65 वर्षीय रामकेशन निवासी श्यामपुर के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार शनिवार शाम गांव के ही पप्पू सिंह ने उन्हें मजदूरी के बदले गेहूं लेने के लिए बुलाया था। रामकेशन गेहूं लेने गए, थे लेकिन रात भर घर वापस नहीं लौटे। रविवार सुबह पप्पू सिंह ने घर जाकर बताया कि रामकिशन की मौत हो गई है सूचना मिलते ही परिवार और ग्रामीण मौके पर पहुंचे जहां पर पारिवारिक जनों का रो–रो कर बुरा हाल था छोटे भाई की पत्नी मिथलेश ने बताया कि खूंटा झलगांव निवासी पप्पू सिंह के खेत में अपनी मजदूरी का शनिवार शाम लगभग 10 बजे गेहूं लेने गए थे लेकिन रात में घर वापस नहीं आए उधर खेत मालिक पप्पू सिंह का कहना है कि हम दोनों व्यक्ति गेहूं की बोरियां ट्रैक्टर ट्राली पर लोड कर रहे थे इस समय रामकिशन ट्राली से टकराकर खेत पर गिर गया अंधेरा होने की वजह से हम भी ज्यादा गौर नहीं कर पाए हमारे पूछने पर बताया कि चोट ज्यादा नहीं लगी है नशा अधिक है अब गेहूं सुबह भरा जाएगा इतना कहकर रामकिशन सो गया थोड़ी देर बैठने के बाद मैं भी रामकिशन के बगल में सो गया सुबह उठकर जब देखा तो रामकिशन की मौत हो चुकी थी जिसकी सूचना मैंने पारिवारिक जनों को रविवार सुबह 6 बजे घर जाकर दिया है मृतक के बेटे राकेश द्वारा थाने में सूचना पत्र पर आरोप लगाया है कि किसी जहरीले कीड़े के काटने से पिता की मृत्यु हुई है इस संबंध में जब थाना प्रभारी प्रमोद कुमार शुक्ला से बात की गई तो उन्होंने बताया कि बेटे से की पौथी सूचना पर शव को कब्जे में लेकर राय पंचांग भरकर पीएम के लिए फतेहपुर मर्चरी हाउस भेजा गया है। जिससे मृत्यु का सही कारण स्पष्ट हो सके।

# युवती ने किया जान देने का प्रयास

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के चूड़ीगली मोहल्ले में 25 वर्षीय युवती ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। जिसे उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार चूड़ी लगी मोहल्ला निवासी परवेश की पत्नी मंतशा रविवार की सुबह जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ समय बाद जब उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजन उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुयी है।

# कुत्ते ने मासूम बच्ची सहित दो वृद्ध पर किया हमला, घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। गाजीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम करसवां में घर के बाहर खेल रही चार वर्षीय मासूम बच्ची को आवारा कुत्ते ने हमलाकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। वहीं पास में बैठे 90 वर्षीय वृद्ध पर भी हमलाकर घायल कर दिया। दोनो को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां चिकित्सक ने बच्ची की हालत गंभीर देख कानुपर के लिए रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार सद कोवताली क्षेत्र के नरायनपुर गांव निवासी अर्जुन की पुत्री नीतू रविवार की सुबह घर के बाहर खेल रही थी। तभी आवारा कुत्ते ने हमलाकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। वहीं असोथर थाना क्षेत्र के कुसुम्भी गांव निवासी स्व0 ललई का पुत्र प्रहलाद जोकि रिश्तेदारी में आया था। दरवाजे के बाहर बैठा था। तभी बच्ची को काटने के बाद वृद्ध पर भी हमला बोल दिया। घायलावस्था में दोनो उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां इमरजेन्सी में तैनात चिकित्सक ने बच्ची नीतू की हालत गंभीर देखते हुये कानपुर मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया।

# सपा महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव बनी रानी शर्मा

## – सांसद नरेश उत्तम ने सौंपा मनोनयन पत्र

न्यूज वाणी ब्यूरो/खागा, फतेहपुर। समाजवादी पार्टी महिला सभा में संगठनात्मक विस्तार के तहत एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशन में राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला सभा जूही सिंह द्वारा रानी शर्मा को राष्ट्रीय



सचिव पद पर मनोनीत किया गया है। मनोनयन पत्र जिले के सासंद नरेश उत्तम पटेल के अनुसार रानी शर्मा को पार्टी की नीतियों के प्रचार–प्रसार व संगठन को मजबूत करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनसे अपेक्षा की गई है कि वे अपने पद की गरिमा के अनुरूप कार्य करते हुए पार्टी की विचारधारा, सिद्धांतों और उपलब्धियों को जन–जन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगी। पार्टी नेतृत्व ने विष्वास जताया कि उनके प्रयासों से संगठन को नई मजबूती मिलेगी और महिला सभा का विस्तार तेजी से होगा। साथ ही उन्हें देश और प्रदेश स्तर पर पार्टी के कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी भी दी गई है। समाजवादी पार्टी ने रानी शर्मा के उज्जवल राजनीतिक भविष्य की कामना करते हुए उम्मीद जताई है कि वे संगठन को नई दिशा देंगी। इस जिम्मेदारी पर नगरवासियों और पार्टी पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं दी है।

# पांच ठगी पीड़ितों के खाते में लौटाए 2.13 लाख रुपए

## - साइबर सेल टीम की कामयाबी पर पीड़ितों ने जताया आभार

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। साइबर क्राइम पुलिस ने ऑनलाइन ठगी के मामलों में त्वरित कार्रवाई करते हुए पांच पीड़ितों को बड़ी राहत दिलाई है। एनसीआरपी पोर्टल पर दर्ज शिकायतों की जांच के बाद साइबर सेल टीम ने न्यायालय आदेश, बैंक समन्वय और खाता धारकों की तस्दीक कर कुल 213121 रुपये की रकम वापस पीड़ितों के खातों में पहुंचाई। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में हुई इस कार्रवाई से ठगी के शिकार लोगों में भरोसा बढ़ा है। जनपद में बढ़ते साइबर अपराध पर शिकंजा कसते हुए साइबर क्राइम पुलिस थाना की टीम ने सराहनीय कार्य किया। अलग–अलग थाना क्षेत्रों के पांच लोगों से ओटीपी, सरकारी योजना, ऑनलाइन जॉब, सिलाई मशीन




ऑर्डर और बैंक अधिकारी बनकर कुल लाखों रुपये की ठगी की गई थी। पीड़ितों ने तत्काल एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई, जिस पर साइबर सेल ने तेजी से कार्रवाई शुरू की। कोतवाली क्षेत्र निवासी महेंद्र कुमार मौर्या के क्रेडिट कार्ड से ओटीपी लेकर 1.20 लाख रुपये उड़ाए गए थे, जिसे पूरी तरह वापस कराया गया। वहीं सुल्तानपुर घोष, राधानगर, हुसैनगंज और ललौली क्षेत्र के अन्य पीड़ितों की भी आंशिक व पूर्ण रकम मिलाकर कुल 2.13 लाख रुपये खातों में वापस पहुंचाई गई। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी अनजान कॉल, फ्री वाई–फाई, क्यूआर कोड, स्क्रीन शेयरिंग ऐप, ओटीपी शेयरिंग और फर्जी ऑनलाइन ऑफर से सावधान रहें। किसी भी साइबर ठगी की स्थिति में तुरंत हेल्पलाइन 1930 या साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं।

# पच्चीस हजार का ईनामी पुलिस मुठभेड़ में घायल, दबोचा

## - चेन लूट व गैर इरादतन हत्या के मामले में था वांछित

## - 24 मुकदमों का हिस्ट्रीशीटर निकला बदमाश

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिले में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के बीच चांदपुर और बिन्दकी पुलिस की संयुक्त टीम ने शनिवार देर रात बड़ी सफलता हासिल करते हुए 25 हजार रुपये के इनामी और शातिर हिस्ट्रीशीटर बदमाश धरमवीर उर्फ राज लोधी उर्फ उगलेश को मुठभेड़ के बाद गिरतार कर लिया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में बदमाश के बाएं पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे दबोच लिया गया। घायल बदमाश को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि धरमवीर चांदपुर थाना क्षेत्र के धमनाखुर्द रोड पर हुई सनसनीखेज वारदात के बाद से फरार चल रहा था और पुलिस को उसकी लंबे समय से तलाश थी। शनिवार रात मुखबिर की सूचना पर जब चांदपुर व बिन्दकी पुलिस की संयुक्त टीम ने घेराबंदी की तो बदमाश ने खुद को घिरता देख पुलिस पर फायर झोंक दिया। पुलिस ने भी मोर्चा संभालते हुए जवाबी कार्रवाई की, जिसमें धरमवीर के पैर में गोली लगी और वह मौके पर ही धराशायी हो गया। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, पीली धातु की चेन, अवैध 315 बोर तमंचा, एक जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस बरामद किया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि गिरतार बदमाश मु0अ0सं0 50/2026 धारा 304(2) बीएनएस के मामले में वांछित था। इतना ही नहीं, धरमवीर उर्फ राज लोधी थाना बिन्दकी का हिस्ट्रीशीटर भी है। पुलिस रिकार्ड खंगालने पर उसके खिलाफ प्रदेश के अलग–अलग थानों में हत्या, लूट, मारपीट, अवैध शस्त्र और अन्य गंभीर धाराओं में अब तक 24 मुकदमे दर्ज होने की पुष्टि हुई है। उसके अन्य आपराधिक कनेक्शन भी पुलिस खंगाल रही है। इस मुठभेड़ के बाद पुलिस महकमे में जहां राहत है, वहीं क्षेत्र के लोगों ने भी शातिर बदमाश की गिरतारी पर चैन की सांस ली है। पुलिस



अधिकारियों का कहना है कि जनपद में अपराधियों के खिलाफ अभियान आगे भी इसी सख्ती से जारी रहेगा।

# रिक्रूट आरक्षियों ने भरी हुंकार, पुलिस लाइन में गूंजा कदमताल

## - आईजी ने ली सलामी, सीएम का संदेश सुन आरक्षियों ने ली जनसेवा की शपथ





न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। रिजर्व पुलिस लाइन शनिवार को उस समय अनुशासन, गर्व और देशसेवा के जज्बे से सराबोर हो उठी, जब रिक्रूट आरक्षी दीक्षांत परेड समारोह 2025–26 का भव्य आयोजन हुआ। चमचमाती वर्दी, सधे कदमों की गूंज और जोशीले सलामी मार्च के बीच नवप्रशिक्षित आरक्षियों ने अपने कठिन प्रशिक्षण का शानदार प्रदर्शन कर मौजूद अधिकारियों, परिजनों और नागरिकों का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज परिक्षेत्र अजय कुमार मिश्रा ने परेड की सलामी ली और जवानों की अनुशासनबद्ध प्रस्तुति की सराहना की। समारोह में जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स और पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक की मौजूदगी ने आयोजन को और गरिमा प्रदान की। पुलिस अधीक्षक ने नवआरक्षियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि पुलिस की असली ताकत सिर्फ वर्दी नहीं, बल्कि अनुशासन, संवेदनशीलता और जनता के प्रति जवाबदेही है। सुबह ठीक आठ बजे तृतीय परेड कमांडर के नेतृत्व में परेड टोलियां मैदान में पहुंचीं। इसके बाद मुख्य अतिथि ने परेड का निरीक्षण किया और जवानों से सलामी ली। एक साथ उठते कदम और कमांड की गूंज से पूरा पुलिस लाइन परिसर देशभक्ति के रंग में रंग गया। दीक्षांत समारोह के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सजीव संबोधन भी प्रसारित किया गया। मुख्यमंत्री ने आरक्षियों को संबोधित करते हुए पुलिस बल को आधुनिक तकनीक से लैस, आमजन के प्रति संवेदनशील और अपराध के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने वाला बनने का आह्वान किया। रिक्रूट आरक्षियों ने पूरे ध्यान से मुख्यमंत्री का संदेश सुना। समारोह के अंतिम चरण में पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने सभी रिक्रूट आरक्षियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। आरक्षियों ने हाथ उठाकर देश की सेवा, संविधान के प्रति निष्ठा और जनसुरक्षा का संकल्प दोहराया। शपथ ग्रहण के बाद टोलियों ने पूरे गर्व और सम्मान के साथ मार्च पास्ट कर प्रस्थान किया।

## सिद्धराज बने सर्वांग सर्वोत्तम, मिला विशेष सम्मान

प्रशिक्षण के दौरान इंडोर और आउटडोर दोनों विषयों में उत्.ष्ट प्रदर्शन करने वाले रिक्रूट आरक्षियों को मुख्य अतिथि एवं पुलिस अधीक्षक ने प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इनमें रिक्रूट आरक्षी सिद्धराज मौर्य ने सर्वाधिक अंक हासिल कर सर्वांग सर्वोत्तम का खिताब अपने नाम किया। सम्मान मिलते ही मैदान तालियों से गूंज उठा।

## अधिकारियों ने भेंट किए स्मृति चिन्ह, परिजनों में दिखा गर्व

समारोह के अंत में पुलिस अधीक्षक ने मुख्य अतिथि आईजी अजय कुमार मिश्रा और जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स को स्मृति चिन्ह भेंट कर आभार जताया। आयोजन के सफल संचालन में क्षेत्राधिकारी प्रगति यादव की अहम भूमिका रही। कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी गौरव शर्मा, दुर्गेश दीप, प्रतिसार निरीक्षक राजेश कुमार सिंह, पुलिस अधिकारी–कर्मचारी, रिक्रूट आरक्षियों के परिजन और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## आरक्षियों ने लिया संकल्प, खुशहाल यूपी बनाएंगे

दीक्षांत परेड के समापन पर नवप्रशिक्षित आरक्षियों के चेहरों पर आत्मविष्वास साफ झलक रहा था। कदमताल के साथ उन्होंने उत्तर प्रदेश को सुरक्षित, सशक्त और खुशहाल बनाने का .ढ़ संकल्प दोहराया। पूरा समारोह हर्षोल्लास, गर्व और देशसेवा की भावना के बीच संपन्न हुआ।

# भूसा लदी पिकअप पेड़ से टकराई, किशोर की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के ग्राम गुनीर के समीप अनियंत्रित होकर भूसा लदी पिकअप पेड़ से टकराई। जिससे 16 वर्षीय किशोर मौके में पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार गुनीर गांव निवासी शेखर राजपूत पुत्र शम्भू पुरम् शनिवार की शाम अपने अन्य साथियों के साथ पिकअप में भूसा लादकर ले जा रहे थे। तभी गांव के पास अनियंत्रित होकर पिकअप नीम के पेड़ से जा टकरायी। जिससे किशोर की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। घटना के बाद चालक सुनील कुमार पुत्र रामकुमार निवासी खजुहा मौके से भाग खड़ा हुआ। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# डंपर से टकराकर बारातियों की मिनी बस पलटी, 12 घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। गाजीपुर थाना क्षेत्र के गाजीपुर–विजयीपुर मार्ग पर शनिवार रात करीब नौ बजे बारातियों से भरी मिनी बस आगे जा रहे डंपर से टकराकर खंती में पलट गई। हादसे में 12 से 15 बाराती घायल हो गए। ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को बाहर निकालकर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां तीन की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार किशनपुर थाना क्षेत्र के नरौली गांव निवासी बंसीलाल निषाद के पुत्र शिवशंकर की बारात शनिवार शाम असोथर थाना क्षेत्र के रमसोलेपुर गांव जा रही थी। मिनी बस में करीब 45 बाराती सवार थे। पुर बुजुर्ग गांव के पास तेज रतार बस अनियंत्रित होकर आगे चल रहे डंपर से टकरा गई, जिससे बस सड़क किनारे खंती में उतरकर पलट गई। हादसे के बाद मौके पर चीख–पुकार मच गई। आसपास के ग्रामीण तत्काल पहुंचे और बस में फंसे लोगों को खिड़कियों के शीशे तोड़कर बाहर निकाला। घायलों को थरियांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद सोनू, डपोली और देवा की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर किया गया है। इसी बीच सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी धीरेन्द्र ठाकुर अपनी पुलिस टीम के साथ राहत कार्य में जुट गए। पुलिस कर्मियों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर बस को खंती से निकालने के लिए धक्का लगाया और फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। इसके बाद शेष बारातियों को सकुशल उनके गंतव्य और घर के लिए रवाना कराया गया। थाना प्रभारी की सक्रिय कार्यशैली को देखकर मौके पर मौजूद ग्रामीणों और राहगीरों ने उनकी सराहना की। थाना प्रभारी धीरेन्द्र ठाकुर ने बताया कि घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल भेजा गया है। क्रेन की मदद से बस को सीधा कराया गया है। डंफर चालक हादसे के बाद मौके से फरार हो गया है। मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# मार्ग दुर्घटना में बाइक सवार दुल्हा के भाई समेत दो बारातियों की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जहानाबाद थाना क्षेत्र के बिंदकी रोड–भोगनीपुर स्टेट हाईवे पर भेलगांव मोड़ के शनिवार रात 10 बजे बाइक सवार को अज्ञात चार पहिया वाहन ने जोरदार टक्कर मार दिया। हादसे में दुल्हा के भाई और दोस्त की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों युवक चांदपुर थाना क्षेत्र के भगलापुर से बारात में शामिल होकर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर मजरे पाही गांव जा रहे थे।

हादसे में भगलापुर गांव निवासी अन्नू (21) पुत्र रामकरण उसके साथी राम सिंह (22) पुत्र शर्मा की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जाता उक्त दोनों युवक बाइक से रात 9 बजे घर से बारात के लिए निकले थे। बारात बकेवर थाना क्षेत्र के पाही गांव में रामफूल निषाद की बेटी उर्मिला की शादी में जा रही थी। मृतक अन्नू की शादी एक साल पहले हुई थी, जबकि राम सिंह अविवाहित था। अन्नू के परिवार में माता सोमवती, पत्नी सोनी और तीन भाई–लवकुश (35), सुग्रीव (25) व अंगद (22) हैं। घटना की सूचना परिवारों को मिली कोहराम मच गया। अन्नू की मां और पत्नी तथा राम सिंह की मां शांति देवी का रो–रोकर बुरा हाल है। परिजनों के अनुसार दोनों युवक खेती के साथ–साथ गुजरात में मजदूरी कर परिवार का भरण–पोषण करते थे। मामले में थानाध्यक्ष तुषार श्रीवास्तव ने बताया कि अज्ञात वाहन के खिलाफ तहरीर अन्नू के दादा महावीर द्वारा प्राप्त हुई है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश की जा रही है। मृतक राम सिंह दुल्हा जय सिंह का चचेरा भाई है।

# ठेला संचालकों को अंगौछा व होम्योपैथिक औषधि की प्रदान

## - रेडक्रास चेयरमैन के कार्यो को सभी ने सराहा

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। चिलचिलाती धूप, गर्मी के प्रभाव से कोई बीमार न हो इस भाव को मन में रखकर रविवार की दोपहर इंडियन रेडक्रास सोसाइटी, आरोग्य भारती, दि होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान व डॉ सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के संयोजकत्व में चेयरमैन व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ अनुराग श्रीवास्तव ने ऐसे व्यक्ति जो इस चिलचिलाती धूप में ठेला लगाकर



जीवनयापन करने को मजबूर हैं। उन्हें हीटवेव से बचाव हेतु अंगौछा व रोगप्रतिरोधक क्षमता विकसित करने में सहायक होम्योपैथिक औषधि भी प्रदान की गई। साथ ही सभी ठेले वालों, सब्जी विक्रेताओं को अधिक पानी पीने व खाली पेट न रहने की सलाह भी दी। डॉ अनुराग ने सदर अस्पताल से लखनऊ बाईपास तक में खुले में बैठे सब्जी विक्रेताओं व ठेले वालों को अंगौछा व औषधि प्रदान की गई। साथ ही इन चौराहों में उपस्थित पीआरडी के जवानों को भी औषधि प्रदान की गई। इस अवसर पर प्रमुख सहयोगी उमेश कुमार श्रीवास्तव आजीवन सदस्य व चैतन्य कुमार संयोजक दिव्यांग प्रकोष्ठ इंडियन रेडक्रास सोसाइटी उपस्थित रहे।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )